उज्जैन
रविवार
01
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-90
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



टीवी से बड़े पर्दे तक पहुंचेगी नागिन एकता कपूर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी पर फिल्म बनाने की तैयारी, पौराणिक और फैंटेसी अवतार में दिखेगी नई दुनिया

पेज- 8

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले- मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गड्ढे में धकेल दिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसकी अपनी विरासत ने अर्थव्यवस्था को गड्ढे में डाल दिया है। पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा कि सरकार अब मौजूदा आर्थिक चुनौतियों के लिए पिछली सरकारों की विरासत को दोष नहीं दे सकती। उन्होंने लिखा कि इस केंद्रीय बजट में, मोदी सरकार विरासत के बहाने के पीछे नहीं छिप सकती। क्या यह बजट कई आर्थिक संकेतकों के लिए वास्तविक समाधान पेश करेगा जो अब तेजी से गिर रहे हैं?

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ एक आतंकी घायल

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने रविवार सर्च ऑपरेशन फिर शुरू किया। आतंकी लगातार ठिकाना बदल रहे हैं और भाग रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि छिपे आतंकियों को पकड़ने की कोशिश जारी है। आतंकियों को खाना और ठिकाना देने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ग्राम रक्षा गार्ड्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है ताकि आतंकी मूवमेंट पर नजर रहे। यह ऑपरेशन कई दिनों से चल रहा है। सुबह डोलगाम इलाके में सेना की टुकड़ियों ने आतंकियों से फिर संपर्क किया था। इसके बाद छोटी मुठभेड़ हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक आतंकी घायल हुआ है। ड्रोन से खून के निशान दिखे हैं। पिछले दो हफ्तों में इलाके में आतंकियों से यह चौथी बार संपर्क हुआ है।

## रूसी लड़कियों से संबंध नहीं बनाए, यौन बीमारी के दावे को गलत बताया



**वॉशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर और अरबपति बिल गेट्स ने रूसी लड़कियों से संबंध बनाने और यौन बीमारी होने के आरोपों को खारिज कर दिया है। यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों में दावा किया गया है कि बिल गेट्स के रूसी लड़कियों के साथ यौन संबंध थे और इसके बाद उन्हें यौन रोग हुआ। गेट्स के प्रवक्ता ने इन आरोपों को पूरी तरह बेतुका और झूठा बताया। उन्होंने कहा कि ये दावे गेट्स को फंसाने और बदनाम करने की कोशिश हैं। प्रवक्ता के मुताबिक, इन दस्तावेजों से सिर्फ इतना पता चलता है कि जेफ्री एपस्टीन इस बात से नाराज था कि बिल गेट्स ने उससे दूरी बना ली थी।

## पाकिस्तान ने 7 भारतीय नागरिकों को लौटाया, पंजाब बाढ़ में बह गए थे

**लाहौर।** पाकिस्तान ने 7 भारतीय नागरिकों को अटारी-वाघा बॉर्डर के जरिए भारत को सौंपा है। सभी 2023 की पंजाब बाढ़ के दौरान अपने जानवरों को बचाने की कोशिश में बहकर पाकिस्तान चले गए थे। बीएसएफ ने उन्हें बॉर्डर से रिसीव किया और कस्टम एंड इमिग्रेशन फॉर्मेलिटी पूरी कर उनके परिवारों को सौंप दिया। इनमें 4 फतेहपुर, 1 जालंधर, 1 लुधियाना और 1 उत्तर प्रदेश के नागरिक हैं। इससे पहले भारत ने जनवरी में एक पाकिस्तानी नागरिक हाफिज मुहम्मद अब्बू बकर को रिहा कर पाकिस्तान भेजा था। सितंबर 2025 में भी भारत ने 48 पाकिस्तानी मछुआरों और 19 पाकिस्तानी नागरिक कैदियों को सजा पूरी होने के बाद पाकिस्तान लौटाया था। भारत सरकार ने पाकिस्तान से सभी भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों को जल्द रिहा करने के लिए कहा है। दोनों देश हर साल जनवरी और जुलाई में कैदियों और मछुआरों को रिहा करने की लिस्ट एक-दूसरे को शेयर करते हैं।

### बजट 2026- इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं, तीन आयुर्वेदिक एम्स बनेंगे, सात हाईस्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे

# कैंसर की 17 दवाइयां कस्टम ड्यूटी फ्री

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नौवीं बार केंद्रीय बजट पेश किया। उनका बजट भाषण 85 मिनट का रहा। उन्होंने कहा कि इस बार इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं होगा।

सीतारमण ने ये भी कहा कि 7 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर और 3 आयुर्वेदिक एम्स बनाए जाएंगे। साथ ही कहा कि कैंसर की 17 दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी नहीं लगेगी।

### बजट 2026 की बड़ी घोषणाएं

मालगाड़ी के लिए नया कॉरिडोरः पश्चिम बंगाल के डानकुनी के लिए एक नए फ्रेट कॉरिडोर का ऐलान किया गया है।

- **इंफ्रा पर बड़ा खर्चः** अगले वित्त वर्ष (2026-27) के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए का कैपेक्स (पूंजीगत खर्च) तय किया गया है। यह पिछले साल के 11.2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।
- **रेयर अर्थ कॉरिडोरः** केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में दुर्लभ खनिजों के लिए विशेष कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इसमें आंध्र प्रदेश को भी जोड़ा जाएगा ताकि खनिज संपन्न राज्यों को फायदा मिले।
- **टेक्सटाइल सेक्टरः** देश में बड़े टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे।
- **दवाइयों के क्षेत्र में 'शक्ति':** 10,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 'बायो-फार्मा शक्ति' योजना शुरू होगी, जिसके तहत तीन नए संस्थान खुलेंगे।
- **चिप मैन्युफैक्चरिंगः** भारत अपना सेमीकंडक्टर मिशन आईएसएम 2.0 लॉन्च करेगा।
- **इलेक्ट्रॉनिक्स पर जोरः** मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स के कलपुर्जे बनाने के लिए बजट बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है।



**बजट के 3 मुख्य विजन**

**रफ्तारः** प्रॉडक्टिविटी बढ़ाकर आर्थिक विकास की गति को तेज करना।
**क्षमताः** लोगों की काबिलियत को निखारना ताकि वे देश की तरक्की में भागीदार बनें।
**सबका साथः** हर परिवार और क्षेत्र के पास कमाई के पर्याप्त संसाधन और मौके हों।

### इन 6 बड़े क्षेत्रों पर रहेगा सरकार का फोकस

- **रणनीतिक मैन्युफैक्चरिंगः** नए और जरूरी क्षेत्रों में उत्पादन की क्षमता बढ़ाना।
- **पुराने उद्योगः** पुराने पड़ चुके औद्योगिक क्षेत्रों को दोबारा जीवित करना।
- **छोटे उद्योगः** छोटे और मध्यम उद्योगों को ग्लोबल चैंपियन बनाना।
- **इंफ्रास्ट्रक्चरः** सड़कों, रेलवे और अन्य बुनियादी ढांचे को जबरदस्त मजबूती देना।
- **सुरक्षा और स्थिरताः** देश में लंबी अवधि की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- **शहरों का विकासः** शहरों को व्यापार और आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करना।

### अर्थव्यवस्था पर सरकार का रिपोर्ट कार्ड

**आत्मनिर्भरताः** भारत ने खुद की मैन्युफैक्चरिंग और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाई है, जिससे विदेशों से सामान मंगाने की निर्भरता कम हुई है।
**ग्रोथ रेटः** पिछले सुधारों की वजह से भारत 7% की विकास दर हासिल कर रहा है, जिससे गरीबी कम करने में मदद मिली है।
**12 साल का सफरः** वित्त मंत्री ने बताया कि पिछले 12 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर रही है और महंगाई काबू में है।
**वैश्विक चुनौतियांः** दुनिया में ट्रेड और सप्लाई चेन में दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन भारत 'विकसित भारत' की ओर कदम बढ़ाता रहेगा।

## चांदी दो दिन में 1.36 लाख सस्ती, 2.65 लाख आई

### सोना 31 हजार सस्ता होकर 1.38 लाख पर आया

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। आज यानी 1 फरवरी को बजट पेश होने से पहले वायदा बाजार में चांदी 26 हजार रुपए (9%) गिर गई।



1 किलो चांदी का भाव 2.65 लाख रुपए पर आ गया। सोने में भी 12 हजार रुपए (8%) की गिरावट है। 10 ग्राम सोना 1.38 लाख रुपए पर आ गया है।

सरार्फा बाजार आज बंद है। इससे पहले 30 जनवरी को चांदी 40,638 रुपए और सोना 9,545 रुपए सस्ता हुआ था। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 3,39,350 रुपए किलो पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,65,795 रुपए पर आ गया है।

वायादा बाजार यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के दाम में दो दिन में 31 हजार रुपए की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 1.69 लाख रुपए पर पहुंच गया था, जो आज 1.38 लाख रुपए पर ट्रेड कर रहा है। चांदी की कीमत में 1.36 लाख रुपए की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 4.01 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी, जो आज 2.65 लाख रुपए पर ट्रेड कर रही है।

### लगा महंगाई का झटका

## आज से एलपीजी सिलेंडर के दाम 49 रुपए बढ़े

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

केंद्रीय बजट से ठीक पहले आम आदमी को महंगाई का एक और झटका लगा है। तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 49 रुपये का इजाफा किया गया है, जो 1 फरवरी से लागू हो गया है। हालांकि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरों के मुताबिक दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की खुदरा कीमत बढ़कर 1,740.50 रुपये हो गई है। इस बढ़ोतरी का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

## आरएसएस के सह-क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख बने हितानंद शर्मा

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की आरएसएस में वापसी हो गई है। अब वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में मध्य क्षेत्र सह-बौद्धिक प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे। अब जबलपुर उनका केन्द्र यानी मुख्यालय होगा, जहां से वे एमपी और छत्तीसगढ़ में संघ की नई जिम्मेदारी संभालेंगे।

हितानंद के साथ आरएसएस के तीन अन्य प्रचारकों की भूमिका बदली गई है। सुरेंद्र मिश्रा अब पूर्व सैनिक सेवा परिषद में काम करेंगे। मुकेश त्यागी ग्राहक पंचायत में काम संभालेंगे। वहीं ब्रजकिशोर भार्गव क्षेत्र गो सेवा प्रमुख बनाए गए हैं।



सूत्रों के अनुसार, संगठनात्मक रणनीति के तहत यह बदलाव किया गया है। हितानंद शर्मा मूल रूप से अशोकनगर (चंबल क्षेत्र) के निवासी हैं। वे लंबे समय से विद्या भारती संगठन से जुड़े रहे हैं। संघ पृष्ठभूमि के चलते संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। हितानंद शर्मा की नई जिम्मेदारी तय होने के बाद नया प्रदेश संगठन महामंत्री को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। हालांकि, पार्टी की ओर से इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत

### पटना में 6, बक्सर में 4 की गई जान, गाड़ियों के परखच्चे उड़े-सड़क पर बिखरीं लाशें

**ब्रह्मास्त्र ›› पटना**

बिहार में रविवार सुबह हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 10 लोगों की मौत हो गई। पटना के बिहटा में ऑटो और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की जान चली गई, जबकि दो अन्य घायल हैं। जानकारी के मुताबिक, सभी लोग मनेर दरगाह में उर्स देखकर ऑटो से आरा लौट रहे थे। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं बक्सर-पटना फोरलेन पर एक तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह चूर-चूर हो गई। इस दुर्घटना में 3 लोगों की मौके पर



ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।


**बिहटा में 50 मीटर में बिखरी लाशें-** आरा के कुछ लोग मनेर दरगाह में उर्स देखकर अपने घर आरा लौट रहे थे। इसी दौरान रात 2 बजे के करीब लेखनटोला पुल के पास रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सवार सड़क पर जा गिरे और करीब 50 मीटर तक शव बिखर गए। ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, उसके नीचे और सड़क पर पूरा खून फैला हुआ है। हादसे के बाद मौके पर ऑटो सवार के कपड़े, चप्पल और दूसरे सामान सड़क पर बिखरे नजर आए। मृतकों में दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर बिहटा थाना भेज दिया है। हादसा लेखनटोला पुल के पास हुआ है।




# पाकिस्तान में संस्कृत की क्लास

## पहले सत्र मे आठ विद्यार्थी सीख रहे व्याकरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन





भाषाओं को धर्म व सीमाओं की चारदिवारी मे बहुत समय तक कैद कर-के नहीं रखा जा सकता है। भाषा किसी एक धर्म की नहीं होती बल्कि ये तो पुरातन साझा विरासत है दोनो ही मुल्क भारत व पाकिस्तान की ये सोच रखनेवाले लाहौर के एसोसिएट प्रोफेसर शाहीद रशीद ने व्यक्तिगत प्रयास किए और इस वर्ष लाहौर की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंस मे संस्कृत का एक क्रेडिट ऐच्छिक कोर्स शुरू किया। जेन जी ने अपनी साझा संस्कृति के प्रति रुझान दिखाते हुए इस कोर्स मे एडमिशन लिए और पहले ही सत्र मे आठ विद्यार्थी इस कोर्स को पूरी शिद्दत से कर रहे हैं।

समाजशास्त्री डॉ शाहीद रशीद ने अपना शोध कार्य इस्लामिक विचार व सभ्यता पर किया है। उनके मन मे विचार आया कि संस्कृत के कुछ प्राचीन ग्रंथ, लाहौर के मुस्लिम एंग्लो ओरिएंटल कालेज की लायब्रेरी मे रखे हैं जो पूर्व मे सनातन धर्म कालेज कहलाता था। विभाजन से पहले सनातन धर्म कालेज, संस्कृत का एक प्रसिद्ध केन्द्र था जिसके प्राचार्य संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान पं रघुवीर दयाल शास्त्री थे। उस दौरान संस्कृत लाहौर मे खूब फलीफूली और दूर दूर से स्कॉलर यहां संस्कृत सीखने आते थे। विभाजन के बाद सनातन कालेज, भारत के अंबाला कैंट मे स्थानांतरित हो गया और इसकी जगह मुस्लिम - एंग्लो ओरिएंटल कालेज ने ले ली।

**गीता के दर्शन को समझने की ललक-** शाहीद रशीद ने स्वयं पहले सोश्यल प्लेटफार्म के आनलाइन प्रोग्राम से शास्त्रीय संस्कृत व्याकरण सीखी और उन्हे ये समझते देर न लगी कि उर्दू के कई शब्दों का संस्कृत से गहरा साम्य व नाता है। चांद, सितारे आदि शब्दों की उत्पत्ति प्राचीन भाषा संस्कृत से ही माना जा सकता है। पहले तीन सप्ताह की एक वर्कशॉप संस्कृत की शुरू की गई जिसमे सात से आठ विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रवेश लिया और वे लगातार संस्कृत के श्लोकों के अर्थ सीख रहे हैं।

**संस्कृत की लिपि बहुत सुन्दर-** अधिकतर विद्यार्थी संस्कृत की सुन्दर लिपि से प्रभावित हैं। छात्रा व पाकिस्तान की मशहूर पत्रकार सैहर मिर्जा का कहना है कि देवनागरी लिपि बहुत ही सुन्दर है। गीता और महाभारत जैसे सनातनी धर्म के मर्म को समझने के लिए ही उन्होने इस कोर्स मे प्रवेश लिया है।

### दक्षिण एशिया की आत्मा है संस्कृत

डॉ शाहीद रशीद का मानना है कि संस्कृत को हिन्दू धर्म से जोडकर नहीं देखना चाहिए। ये प्राचीन भाषा पूरे दक्षिण एशिया की साझा विरासत है। प्रसिद्ध ग्रंथअष्टाध्यायी के रचनाकार पाणिनी का संबंध अविभाजित भारत के गांधार से रहा है जो अब अफगानिस्तान- पाकिस्तान का क्षेत्र है। जब पाकिस्तान के छात्र जर्मन व अन्य विदेशी भाषा सीख रहे हैं तो अपनी साझा विरासत संस्कृत क्यों नही सीखें। वे संस्कृत का श्लोक " अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम उदार - चरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम।। का अर्थ उद्धत करते हुए विद्यार्थियों को समझाते हैं कि संकुचित सोच रखना मूर्ख को काम है और वृहद सोच रखकर पूरे विश्व को एक परिवार मानकर इंसान से प्रेम रखना ही बुद्धिमान मनुष्य की पहचान है। विभाजन के इतने लंबे अर्से बाद अब लाहौर मे एक बार फिर संस्कृत का उद्भव होना नई पीढी की स्वस्थ सोच को बढाने मे कितना फलदायी होगा ये तो आनेवाला समय बताएगा किन्तु शाहीद रशीद जैसे लोग इस्लामी देश मे एक वृहद व स्वस्थ विचार रखते हैं ये सराहनीय है।

## खबर एक नजर...

### स्कूल ग्राउंड में बैठ कर रहे थे शराब का सेवन

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के सांदीपनी स्कूल ग्राउंड में दिनदहाड़े सीढ़ियों के पास बैठ कुछ लोगों द्वारा शराब का सेवन किया जा रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और घेराबंदी कर पांच लोगों को हिरासत में लिया। जिनके पास से शराब की बोतल और ग्लिास जप्त किये गये। पांचों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान शराब पीने पर आबकारी अधिनियम की धारा 36 बी का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अनुसार पांचों आरोपी क्षेत्र के रहने वाले है।

### मंत्री प्रहलाद पटेल ने बाबा महाकाल के किए दर्शन



**उज्जैन।** पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने आगामी कुंभ के लिए चल रहे कार्यों और महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की। मंत्री प्रहलाद पटेल उज्जैन में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद वे श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर दर्शन किए और भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। पटेल ने भगवान की देहरी पर विधिवत पूजन-अर्चन किया और जल अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि महाकाल की कृपा से दर्शन का अवसर मिलता है। वर्तमान में महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं को देखकर प्रतीत होता है कि आने वाले कुंभ की तैयारियां भी महाकाल की कृपा से और अधिक भव्य व दिव्य होंगी। उन्होंने भगवान से इसी प्रकार की प्रार्थना की। दर्शन के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंत्री प्रहलाद पटेल का स्वागत-सत्कार किया गया।


### महाकाल मंदिर मुख्य मार्ग का अतिक्रमण भी नहीं हटा पा रहे

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के बाद तुरंत फिर तेजी से शुरू हो चुका है। नगर निगम ने भले ही सख्ती दिखाकर अतिक्रमण हटाया, लेकिन अब फिर 24 मीटर चौड़ी सड़क पैदल निकलने वालों के लिए भी नहीं बची है। दुकानदार और ई-रिक्शा-ऑटो वाले बीच में खड़े होकर सड़क जाम कर रहे हैं। कुछ लोग सड़कों पर ही नीचे बैठकर दुकानें लगा रहे हैं। निगम की अतिक्रमण गैंग और पास में महाकाल थाना होने के बावजूद समस्या हल नहीं हो पा रही। श्रद्धालु जैसे-तैसे मंदिर तक पहुंच रहे हैं। अतिक्रमण गैंग, निगम अधिकारी और पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

### स्लीपर बसों को कम्प्यूटर में लॉक करने से प्रदेश में 20 हजार बसें थमी, आठ लाख यात्री फंसे

**उज्जैन।** उज्जैन जिले सहित प्रदेश के अन्य आरटीओ द्वार 2/2 स्लीपर टूरिस्ट तीर्थ यात्री बसों को कम्प्यूटर में लॉक करने से संचालकों के साथ ही यात्रियों की भी फजीहत हो गई है। टूर व तीर्थयात्रा पर गईं बसें जहां थी, वहीं चक्के थम गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक प्रदेशभर की 20 हजार बसें में करीब आठ लाख तीर्थ यात्री फंसे हुए हैं। यह कहना है कि मप्र टूरिस्ट बस ऑपरेटर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का। जो कि प्रदेशभर में कार्रवाई के विरोध की रणनीति बनाने के लिए शनिवार को उज्जैन के एक गार्डन में एकत्रित हुए। एसो?सिएशन सचिव अनिल भावसार ने सवाल भी खड़े किए कि 2/2 स्लीपर यात्री बसें निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं, तो अब तक किस आधार पर पंजीकरण, परमिट और फिटनेस की स्वीकृति दी जाती रही है।

## चौड़ीकरणः लीकेज व नाली के पानी से सड़कों पर कीचड़, पैदल चलना भी संभव नहीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में चल रहा सड़क चौड़ीकरण कार्य जनता के लिए राहत बनने के बजाय परेशानी का सबब बनता जा रहा है। धीमी रफ्तार से हो रहे काम के चलते सबसे गंभीर समस्या पाइपलाइन लीकेज और नाली के गंदे पानी की है, जो सड़कों पर फैलकर लोगों की आवाजाही को मुश्किल बना रही है।

बियाबानी से तेलीवाड़ा तक की सड़क पर हालात इतने खराब है कि वाहन निकालना जोखिम भरा है ही, पैदल चलना भी संभव नहीं हो पा रहा है।

रोजाना चौड़ीकरण के दौरान कई जगहों पर पाइपलाइन फूट रही है। पीएचई विभाग द्वारा लीकेज सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन सुधार कार्य ज्यादा ठीक से नहीं हो पा रहा। लीकेज ठीक होती ही उसी स्थान से जेसीबी मशीन गुजरने पर पाइप दोबारा क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इससे न केवल पानी बर्बाद हो रहा है, बल्कि सड़क पर कीचड़-फिसलन भी बढ़ती जा रहा है। अब स्थिति यह है कि पहले जहां केवल पाइपलाइन का पानी सड़क पर बहता था, वहीं अब नाली का गंदा पानी भी उसमें मिल रहा है। नाली निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी है। कई जगह पर नालियां अधूरी पड़ी हैं, तो कहीं मलबा समय पर नहीं हटने के कारण पानी का बहाव रुक गया है।

इससे नालियों का पानी सड़क पर फैल रहा है। मुख्य शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र सहित कुछ हिस्सों में अभी तक चौड़ीकरण साइट पूरी तरह क्लियर नहीं हो पाई है, जिससे समस्या और बढ़ सकती है। निगम अपर आयुक्त पवनकुमार सिंह ने बताया कि पीएचई की टीम मौके पर पहुंच लीकेज सही कर रही है। निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहीं साइट भी क्लियर करते हुए तेजी से कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है।

खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट तक का क्षेत्र भी बीते तीन माह से नाली के पानी से प्रभावित है। यहां करीब 100 मीटर नाली निर्माण हुआ है, जबकि अधिकांश प्रभावित मकानों का हिस्सा हटाया जा चुका है। इसके बावजूद मलबा और अधूरा निर्माण नालियों को जाम कर रहा है। रहवासियों ने जल्द से जल्द लीकेज और नाली निर्माण कार्य को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने की मांग की है, ताकि उन्हें इस बदहाल स्थिति से राहत मिल सके।

### सिंहस्थ तक काम पूरा होगा, इस पर कलेक्टर को संदेह, फटकार लगाई

कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने शनिवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने निगम अधिकारियों से चौड़ीकरण पर चर्चा की। साथ ही सूत्रों के अनुसार कलेक्टर ने निगम पर संदेह जाहिर किया है कि ऐसी ही गति से काम होता रहा तो सिंहस्थ तक पूरा होना मुश्किल है। अधिकारियों को फटकारा और कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने नगर निगम को मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक सप्ताह नगर निगम मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों की रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत करें और रिपोर्ट में किए कार्यों की फोटो भी संलग्न करें। इस दौरान कलेक्टर ने नगर निगम के सहायक यंत्री और उप यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं।

## संत रविदास जयंती के एक दिन पहले निकली वाहन रैली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में संत रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली 1 फरवरी को मनाई जाने वाली जयंती से एक दिन पहले निकाली गई, जिसमें पूरे संभाग से संत शिरोमणि अहिरवार रविदास समाज संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

रैली शुरू होने से पहले, फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और संत रविदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। यह माल्यार्पण संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया के नेतृत्व में हुआ। वाहन रैली फ्रीगंज से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और भेरुनाला स्थित गुरुद्वारा वृंदावनपुरा पर समाप्त हुई। रैली के दौरान, समाजजनों ने एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर वाहन रैली का स्वागत किया। संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया ने कहा कि इस वर्ष संत रविदास महाराज की जयंती पर समाज एकजुट होकर सड़कों पर उतरा है। रविदास समाज पर लगातार हो रहे अत्याचारों को लेकर समाज चिंतित है। समाज की सुरक्षा के लिए मध्य प्रदेश सरकार से सख्त कानून बनाए। 1 फरवरी को जयंती के अवसर पर सभी रविदास मंदिरों में चादर चढ़ाई जाएगी और प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि में गुरु गाड़ी पर 8000 दीप प्रज्वलित कर भव्य महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा।

## कोहरा छंटते ही रात का तापमान 4.5 डिग्री बढ़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कोहरा छंटते ही रात का पारा चढ़ने लगा है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री रहा जो शुक्रवार के न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से 4.5 डिग्री ज्यादा था। हालांकि दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री रहा जो कि शुक्रवार के 28 डिग्री से 2.5 डिग्री कम है। दिनभर बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार दिनों तक शहर और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहने के साथ मावठे के आसार हैं।

उज्जैन
रविवार
01
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्।
तां पद्मिनीमीं शरणं प्र पद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे॥

**अर्थः** मैं चन्द्रमा के समान शुभ्र कान्तिवाली, सुन्दर द्युतिशालिनी, यश से दीप्तिमती, स्वर्गलोक में देवगणों के द्वारा पूजिता, उदारशीला, पद्महस्ता लक्ष्मीदेवी की शरण ग्रहण करता हूँ। मेरा दारिद्र्य दूर हो जाय। मैं आपको शरण्य के रूप में वरण करता हूँ।

# पुलिस को गुमराह करने साथ में घूमता रहा आरोपी

## इशारा कर बुलाया, छत पर गलत हरकत करने की कोशिश, चिल्लाया तो मार दिया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एमआईजी थाना क्षेत्र में 13 साल के नाबालिग की एक युवक ने बिल्डिंग की छत पर हत्या कर दी और लाश को फ्लैट में रखे पलंग में छिपा दिया। वह पुलिस को गुमराह करने के लिए उनके साथ-साथ ही घूमता रहा ताकि उस पर शंका ना हो। पुलिस को उसकी हरकतों पर शंका हुई तो उससे पूछताछ शुरू की, जिसमें उसने वारदात को करना बताया।

एमआईजी थाना टीआई सीबी सिंह ने बताया कि श्रीनगर कांकड इलाके में रहने वाला 13 वर्षीय नाबालिग शुक्रवार रात को अचानक लापता हो गया था। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। उन्होंने देर रात थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वहीं शुक्रवार रात को एक बिल्डिंग से किसी के चिल्लाने के आवाज आने पर लोगों ने डायल 112 को भी सूचना दी थी, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची



तो किसी ने कुछ नहीं बताया था। शनिवार को बिल्डिंग की छत पर नाबालिग का जैकेट मिला, जिस पर खून के दाग थे और छत पर भी खून के निशान मिले। इस पर पुलिस की टीम ने तुरंत सर्चिंग शुरू की।

नाबालिग की तलाश में पुलिस ने श्रीदेवी अपार्टमेंट में बने फ्लैटों की सर्चिंग शुरू की। पुलिस ने कई फ्लैटों को चेक किया। जिन फ्लैट में ताले लगे थे उनके ताले भी तोड़े गए और वहां भी पुलिस टीम ने सर्चिंग की। इसके साथ ही पुलिस ने नाबालिग की तलाश के लिए डॉग की भी मदद ली। कुछ घंटों की मेहनत के बाद पुलिस को नाबालिग का शव पलंग के अंदर बरामद हुआ।

### साथ-साथ घूम रहा था आरोपी

टीआई सीबी सिंह ने बताया कि जब शनिवार को पुलिस नाबालिग की तलाश कर रही थी, तब आरोपी रेहान पुलिस के साथ-साथ ही घूम रहा था। वह पुलिस के साथ हर जगह जाने का प्रयास कर रहा था। उसकी इस हरकतों पर शंका हुई, जिसके बाद उससे पूछताछ शुरू की। उससे उसका नाम, काम और किस फ्लैट में रहता है इसकी जानकारी ली। उसके हाथ पर चोट के निशान भी मिले थे। पुलिस की पूछताछ में वह घबराने लगा तो पुलिस का शक ओर बढ़ गया। सख्ती से पूछताछ में उसने घटना को अंजाम देना और शव को पलंग पेटी में छिपाने की बात कही।

### इशारा कर छत पर बुलाया और हरकत करने की कोशिश

टीआई ने बताया कि नाबालिग का दोस्त इसी बिल्डिंग में रहता था। नाबालिग अक्सर यहां आता था। शुक्रवार रात को वह आया तो आरोपी ने इशारा कर उसे छत पर बुलाया। उसके छत पर आने के बाद उससे बातचीत करने लगा और इस बीच वह उससे साथ गलत हरकत करने की कोशिश करने लगा, वह चिल्ला तो उसकी आवाज आसपास के कुछ लोगों ने भी सुनी थी। उसके चिल्लाने पर रेहान को लगा कि उसकी हरकत का लोगों का पता चल जाएगा। इसके चलते उसने ईट से नाबालिग पर हमला कर उसे घायल कर दिया, जब नाबालिग बेसुध हो गया तो रस्सी से उसका गला घोटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने चाचा को बुलाया और उसकी मदद से शव को घर के अंदर पलंग में छिपा दिया था। आरोपी लेथ मशीन का काम करता है और पिछले तीन-चार महीने से काम पर नहीं जा रहा था। पुलिस पूछताछ में वारदात करना बताया। पुलिस ने शव का पीएम करवाया है, जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है।

## खबर एक नजर...

### हर दूसरा अनमैप्ड वोटर अब भी बाहर, 35 हजार तो नोटिस के बाद भी नहीं मिले

**इंदौर।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया चुनौती बनती जा रही है। जिले में कुल 1.33 लाख अनमैप्ड मतदाताओं की पहचान की गई थी, जिनकी सुनवाई और सत्यापन की जिम्मेदारी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को दी गई है। अब तक 1.02 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 65.15 प्रतिशत मामलों में सुनवाई के बाद मतदाता विवरण को अप्रूव कर दिया गया है, जबकि 3.15 प्रतिशत मामलों में आवेदन रिजेक्ट हुए हैं। हालांकि, अब भी 49.85 प्रतिशत मतदाता या तो सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुए, घर पर नहीं मिले या उनकी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। आंकड़े बताते हैं कि 35,871 मतदाता यानी करीब 26.83 प्रतिशत अब भी पूरी तरह संपर्क में नहीं आ पाए हैं। विधानसभा क्षेत्रवार स्थिति देखें तो इंदौर-1 और राऊ क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता अनुपस्थित या अनट्रेस हैं। इधर, सुनवाई प्रक्रिया तेज करने के लिए जिले में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है। पहले 98 एईआरओ केंद्रों का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे बढ़ाकर अब 193 किया गया है।

### इंदौर में 15 मार्गों और 19 उद्यानों का होगा नामकरण

**इंदौर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर एबी रोड का नाम बदलकर अटल बिहारी मार्ग किए जाने के बाद इंदौर नगर निगम शहर में बड़े पैमाने पर नामकरण की तैयारी में है। नगर निगम की नामकरण समिति ने शहर के 15 मार्गों और 19 उद्यानों के नए नाम तय कर लिए हैं। समिति द्वारा तैयार प्रस्ताव को अब मेयर-इन-काउंसिल में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। एमआईसी से स्वीकृति मिलते ही नामकरण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। तय किए गए नामों में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज सहित कई महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम शामिल हैं। नामकरण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र राठौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और संस्थाओं से प्राप्त 23 प्रस्तावों पर विचार किया गया। राठौर ने बताया कि नामकरण की प्रक्रिया पारदर्शी, संतुलित और जनहित को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। नगर निगम पहले ही 25 दिसंबर को एबी रोड (आगरा-बॉम्बे रोड) का नाम बदलकर अटल बिहारी मार्ग करने का निर्णय ले चुका है। अब शक्ति नगर उद्यान का नाम भी अटल बिहारी वाजपेयी उद्यान रखने का प्रस्ताव है।

### एक साल में छठी बार रहवासी क्षेत्र में पहुंचा तेंदुआ, सनावदिया में 4 बकरियों का शिकार

**इंदौर।** शहरी क्षेत्र के रहवासी इलाकों में तेंदुओं का मूवमेंट अब आम हो चला है। एक साल में छठी बार तेंदुआ रहवासी क्षेत्र में पहुंचा है। शहर से सटे सनावदिया में तीन-चार दिन से तेंदुए की हलचल थी। रहवासी काफी डरे-सहमे हुए थे। तेंदुआ शिकार न कर ले, इसके लिए एक ग्रामीण ने अपनी बकरियों को छत पर बांधना शुरू कर दिया था, लेकिन तेंदुआ छत तक भी पहुंच गया और चार बकरियों का शिकार कर लिया। लोगों की सूचना पर वन विभाग ने पिंजरा लगाया। शनिवार को तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। देवगुराड़िया, सहारा सिटी, रालामंडल, तिल्लौर, आईआईटी कैंपस, सिंहासा, आरआर कैट का सिंहासा ऐसे इलाके हैं, जहां तेंदुओं ने अपना ठिकाना बना लिया है। रालामंडल में तो चार से पांच तेंदुए हो गए हैं। अंधेरा होने के बाद से तड़के तक वहां तेंदुआ घूमता रहता है। तिल्लौर तरफ भी नजर आ जाता है। देवगुराड़िया के आसपास की टाउनशिप में आए दिन तेंदुआ सीसीटीवी फुटेज में दिख जाता है।


# दूषित पानी : दो महिलाओं की हालत गंभीर

## एक अन्य बुजुर्ग भी आईसीयू में, इलाके में एक दिन छोड़कर सप्लाय किया जा रहा पानी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भागीरथपुरा दूषित पानी हादसे में अब तक 31 मौतें हो चुकी हैं। इस मामले में 450 से ज्यादा मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज किए जा चुके हैं, लेकिन दूसरी ओर चार मरीज अभी भी एडमिट हैं। इनमें से 2 आईसीयू में और एक वेंटिलेटर पर है। इनमें से दो बुजुर्ग महिलाओं की हालत काफी क्रिटिकल बनी हुई है।

दो दिन पहले क्षेत्र के बुजुर्ग एकनाथ सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। वे एक माह तक अस्पताल में एडमिट थे और फिर कोई सुधार नहीं होने पर परिजन उन्हें डिस्चार्ज कराकर घर लाए थे और अगले दिन उन्होंने दम तोड़ दिया था। अभी मौजूदा दोनों महिला मरीजों



सहित तीन मरीजों को भी तीन दिन बाद अस्पताल में एडमिट हुए एक माह हो जाएगा। दरअसल दूषित पानी से उल्टी-दस्त होने के कारण इन्हें एडमिट किया गया था। इसके बाद इनके मल्टी ऑर्गन्स फेल हो गए हैं।

क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभी मरीज आ रहे हैं लेकिन इनमें डायरिया के मरीजों की संख्या एकदम कम हो गई है। रोज एक-दो मरीज आते हैं, लेकिन उन्हें एडमिट करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। हालांकि यह केंद्र 24 घंटे खुला है और क्षेत्र में दो एम्बुलेंस भी तैनात हैं। उधर, इलाके में एक दिन छोड़कर 30% हिस्से में पानी का सप्लाय जारी है। निगम का कहना है कि पानी अब साफ आ रहा है लेकिन रहवासी अभी भी आरओ और टैंकर का पानी ही उपयोग कर रहे हैं। दूसरी ओर बचे हुए 70% हिस्से की मेन पाइप लाइन का काम अंतिम दौर में है। इसके बाद यहां लीकेज टेस्ट करने के साथ सैंपल लिए जाएंगे।

# कर्मचारी मामलों में हाई कोर्ट ने सरकार को दी नसीहत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर, प्रमोशन, इंक्रीमेंट और अन्य सेवा संबंधी मामलों को लेकर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को अहम नसीहत दी है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसे मामलों में कर्मचारियों को बार-बार अदालत का दरवाजा खटखटाने की मजबूरी नहीं होनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि विभागीय स्तर पर ही विवाद सुलझाने की प्रभावी और भरोसेमंद व्यवस्था विकसित करें।

हाई कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभागों में इन-हाउस डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन सिस्टम लागू किया जाए, ताकि सेवा संबंधी विवाद कोर्ट तक पहुंचने से पहले ही सुलझ सकें। आदेश की प्रति मुख्य सचिव को भेजते हुए कोर्ट ने इस पर गंभीरता से अमल सुनिश्चित करने को कहा है। कोर्ट ने यह भी व्यवस्था दी है कि याचिकाकर्ता 30 दिन के भीतर सक्षम अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें, जबकि सरकार को उस पर 45 दिन के भीतर निर्णय लेना होगा। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट में फिलहाल कर्मचारियों से जुड़े 50 हजार से अधिक मामले लंबित हैं। यह टिप्पणी जस्टिस विनय सराफ ने मंडला जिले के फॉरेस्ट गाड्र्स की वरिष्ठता और आर्थिक लाभ से संबंधित याचिका की सुनवाई के दौरान की।

## सांस नली के लिए बनाया अलग रास्ता, डॉक्टरों ने जोड़ दी श्वास और आहार नली

# ग्राइंडर से कटी गर्दन, एमवायएच के डॉक्टरों ने बचाई जान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

घर पर लोहे की रॉड काटते समय ग्राइंडर मशीन से गर्दन कटने के गंभीर हादसे में घायल 38 वर्षीय सोहन को एमवाय अस्पताल (एमवायएच) के डॉक्टरों ने नई जिंदगी दी। जटिल सर्जरी और 14 दिन के इलाज के बाद सोहन पूरी तरह स्वस्थ होकर शुक्रवार को परिजन के साथ घर रवाना हो गया।

यह हादसा इसी महीने 17 जनवरी को हुआ था। गोकुल नगर निवासी सोहन पिता पन्नालाल घर पर ग्राइंडर से लोहे की रॉड काट रहा था, तभी मशीन फिसल गई और उसकी गर्दन आधी कट गई। हादसे में उसकी श्वास नली और आहार नली दोनों क्षतिग्रस्त हो गई थीं।



गंभीर हालत में परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे।

मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं के तहत सर्जरी विभाग के डॉ. सुदर्शन ओड़िया के मार्गदर्शन में डॉक्टरों की टीम ने तत्काल ऑपरेशन किया। टीम ने सफलतापूर्वक श्वास नली और आहार नली को दोबारा जोड़ दिया।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि मरीज को बेहद गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। सांस लेने में अत्यधिक परेशानी के चलते कुछ समय के लिए श्वसन के लिए अलग रास्ता बनाया गया और उसे आईसीयू में भर्ती कर पांच दिन तक गहन चिकित्सा दी गई। इस दौरान मरीज को पांच यूनिट रक्त भी चढ़ाया गया।

स्थिति में सुधार के बाद मरीज को वार्ड में शिफ्ट किया गया और मुंह से आहार देना शुरू किया गया। इलाज के 10वें दिन श्वास नली निकाल दी गई, जिसके बाद उसकी आवाज पहले की तरह आने लगी। डॉक्टरों की सतत निगरानी और इलाज के बाद सोहन पूरी तरह स्वस्थ हो गया। 31 जनवरी को उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर सुरक्षित घर भेज दिया गया।

### कैसे बची मरीज की जान, ऐसे जानिए

**17 जनवरीः** ग्राइंडर से लोहे की रॉड काटते समय हादसा, गर्दन आधी कटी। श्वास व आहार नली क्षतिग्रस्त, सांस लेना हुआ बेहद मुश्किल। गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। डॉ. सुदर्शन ओड़िया के नेतृत्व में तुरंत जटिल सर्जरी। श्वास और आहार नली को दोबारा जोड़ा गया। सांस के लिए अस्थायी वैकल्पिक मार्ग बनाया गया। 5 दिन कउव, इस दौरान 5 यूनिट खून चढ़ाया गया। हालत स्थिर होने पर वार्ड में शिफ्ट, मुंह से आहार शुरू। 10वें दिन श्वास नली हटाई, आवाज सामान्य हुई। 14 दिन बाद पूरी तरह स्वस्थ, 31 जनवरी को डिस्चार्ज।

## खबर एक नजर...

### सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

**उज्जैन।** सेंट मदार कान्वेंट स्कूल का वार्षिक उत्सव परिसर में संपन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष शहजाद खान एवं प्राचार्य दरख्शा खान ने बताया संत चमेली शाह परिसर मदार गेट में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बच्चों ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद रीना तिवारी ने की। विशेष अतिथि नौशाद अहमद, असद खान ने सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शक इकबाल उस्मानी ने अपने उद्बोधन में कहा छात्र छात्राओं की प्रस्तुतियां जिस ढंग से इन्होंने शानदार परफॉर्मेंस दिया यह आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा सभी प्रस्तुतियां मन मोहने वाली थी। सेंट मदार कान्वेंट स्कूल के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शानदार भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन शकील अहमद ने किया। आभार सचिव अब्दुल खालिक ने माना। उपरोक्त जानकारी नाजिया अहमद एवं उस्मान मुल्तानी ने दी।

### विश्व शांति महास्तूप महोत्सव का आयोजन आज

**उज्जैन।** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में विश्व शांति महास्तूप महोत्सव एवं संत शिरोमणि रविदास जयंती का संयुक्त कार्यक्रम वैश्य टेकरी, कानीपुरा (तराना रोड) पर 1 फरवरी रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दर्शन एवं सहभागिता के लिए हजारों की संख्या में बौद्ध अनुयायी एवं अंबेडकरवादी समाजजन शामिल होंगे।भारतीय बौद्ध महासभा के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां एक माह पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई थीं। आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु सभी धर्मगुरुओं के प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष आर. आर. जवादे करेंगे। आयोजन को सफल बनाने में पंकज कांबले, कल्पना कुंभारे, रवि धारकर, छाया धारकर, शशिकांत देशभरतार, अभिलाष संभरकर, अशोक उपाध्याय, भावेश पाटिल सहित समस्त बौद्ध अनुयायियों का सक्रिय सहयोग रहेगा।

# बढ़ते तनाव, अवसाद एवं आत्महत्या की प्रवृत्तियों को रोकने के लिए कालिदास कन्या महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में उज्जैन संभाग के प्राध्यापकों एवं स्टाफ के लिए डॉ. महेंद्र जैन के संयोजन में मेंटल हेल्थ ट्रेनिंग एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव, अवसाद एवं आत्महत्या की प्रवृत्तियों को समझना तथा उन्हें रोकने के प्रभावी उपायों पर जागरूकता विकसित करना रहा।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में फादर जोसेफ निरप्पेल, मनोविशेषज्ञ डॉ. साईं मित्रा चौहान तथा मनोचिकित्सक डॉ. नीतराज गौड़ उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहारिक संकेतों तथा समय पर हस्तक्षेप की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

फादर जोसेफ निरप्पेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राध्यापक विद्यार्थियों के सबसे निकट होते हैं, अतः वे उनकी समस्याओं को पहचानकर समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की परिभाषा का उल्लेख करते हुए कहा कि शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक संतुलन ही पूर्ण स्वास्थ्य कहलाता है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए व्यक्ति के इन तीनों आयामों को समझना आवश्यक है।

मनोविशेषज्ञ डॉ. साईं मित्रा चौहान ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य की पहचान के तरीकों को समझाया। उन्होंने बताया कि आज के समय में युवा वर्ग छोटी-छोटी बातों से अत्यधिक निराश होकर आत्मघाती कदम उठा लेता है, इसलिए कारणों की समय रहते पहचान आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों के व्यवहार में परिवर्तन, अवसाद, पारिवारिक तनाव, अकेलापन, आर्थिक दबाव, गंभीर बीमारी, सामाजिक अलगाव, नशे की प्रवृत्ति तथा परीक्षा या अनुशासनात्मक स्थितियों जैसे कारणों को जोखिम कारक बताया। उन्होंने संवाद को सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि कई समस्याएँ केवल संवेदनशील बातचीत से ही हल हो जाती हैं।

शासकीय अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. नीतराज गौड़ ने विभिन्न मानसिक रोगों एवं उनकी पहचान के संकेतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अधिकांश मानसिक रोग स्थायी नहीं होते और उचित दवाइयों एवं परामर्श से ठीक हो सकते हैं, परंतु इसके लिए रोगी को विशेषज्ञ के पास लाना आवश्यक है, क्योंकि प्रायः मरीज स्वयं उपचार के लिए आगे नहीं आता। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर लगभग 7 लाख लोग आत्महत्या करते हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास के लोगों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को निराशा की स्थिति तक पहुँचने से पूर्व सहयोग प्रदान करना ही इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य है। वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है, इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसी क्रम में महाविद्यालय में सखी संवाद सेल की स्थापना की गई है, जिससे छात्राओं की मानसिक स्थिति का आकलन कर उन्हें आवश्यक सहयोग दिया जा सके। उन्होंने प्राध्यापकों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों के प्रति केवल सहानुभूति ही नहीं, बल्कि सहअनुभूति का भाव रखें, जिससे विद्यार्थी स्वयं को सुरक्षित और समर्थ महसूस करें।

कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आनंद सिंदल द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. मीरा यादव ने किया। कार्यशाला में उज्जैन संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 20 प्रतिशत प्राध्यापकों की सहभागिता रही।

# नन्हे कलाकारों ने किरदारों में ढलकर बिखेरा हुनर का रंग

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जीता सभी का दिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रंगों, कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास से भरपूर रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मिस वर्ल्ड, शिनचैन, झांसी की रानी, माँ अहिल्याबाई, रानी पद्मावती, सुनीता विलियम्स जैसे प्रसिद्ध और प्रेरणादायक पात्रों का प्रभावशाली मंचन कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाज सेविका सुनीता पंड्या एवं विशेष अतिथि दंत चिकित्सक डॉ. प्रिंस कुशवाह रहे। दोनों अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और विद्यार्थियों को संबोधित किया। सुनीता पंड्या ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और अभिनय क्षमता की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे भी ऐसे मंचों पर निखरने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. कुशवाह ने बच्चों को मुख स्वास्थ्य, दंत स्वच्छता और दाँतों की देखभाल के महत्वपूर्ण टिप्स देकर जागरूक किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में वेणुनाद निनाद नृत्य अकादमी की प्रशिक्षक नेहा गुप्ता एवं मुद्रा एवं योगाचार्य राखी प्रजापति शामिल रहीं, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुति, भाव-भंगिमा और आत्मविश्वास की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक राहुल पांड्या, अकादमिक निदेशक सरोज वागले, उप-प्राचार्या पल्लवी दिवाकर, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिकाएँ पूजा यादव एवं निहारिका परमार ने कुशलता से किया। यह जानकारी सीसीओ राखी मेहता द्वारा प्रदान की गई।

### पांच दिवसीय कैरियर मेले का समापन

# परीक्षा एवं कैरियर संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर में आयोजित पांच दिवसीय कैरियर मेले का समापन 31 जनवरी को हुआ।

विद्यालय की प्राचार्य डॉ विभा शर्मा एवं प्रदीप पाराशर के मार्गदर्शन में हुए पांच दिवसीय कैरियर मेले के समापन सत्र में विद्यालय के करियर नोडल ऑफिसर गौतम दीक्षित द्वारा पांच दिवसीय कैरियर मेले का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया एवं कैरियर कार्ड द्वारा छात्रों को अवगत कराया गया। साथ-ही-साथ विद्यालय के विषय शिक्षकों ने अपने-अपने विषय में कैरियर उपलब्धता का परिचय कराया। भौतिक शास्त्र में सुरेंद्र सिंह नाथावत, रसायन शास्त्र में प्रदीप शर्मा, संस्कृत भाषा का शैलेंद्र वर्मा एवं अंग्रेजी विषय में शीतल मेश्राम एवं हिंदी भाषा में इंदिरा पाराशर ने व्याख्यान दिया। अंत में प्रदीप पाराशर ने कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को परीक्षा संबंधित एवं कैरियर संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया। आभार रुक्मणी भदोरिया ने व्यक्त किया।

### नित्य भैरव महायज्ञ की पूर्णाहुति पर आज होगी दिव्य भव्य भण्डारा प्रसादी

**उज्जैन।** पीपलीनाका स्थित श्री कुचैरा भैरवनाथ (अष्ट भैरव) मंदिर पर 18 दिवसीय भैरव महायज्ञ किया जा रहा हैं जिसकी पूर्णाहुति आज 1 फरवरी रविवार को प्रातः 11 बजे होगी। शासकीय पुजारी दुर्गा मंगल गहलोत ने बताया कि पिछले 40 वर्षों से प्रतिवर्ष विश्वशांति, जनकल्याण और आगामी सिंहस्थ 2028 के निर्विघ्न सफलता के लिए महायज्ञ किया जा रहा हैं महायज्ञ का यह 41वा वर्ष है। 18 दिनों से नित्य भैरव महायज्ञ, यज्ञाचार्य जय शिव शर्मा, विकास शर्मा एवं राम बैरागी के आचार्यत्व में किया जा रहा हैं। जिसकी पूर्णाहुति आज 1 फरवरी को दिव्य भव्य भण्डारा प्रसादी के साथ होगी। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ एवं महाकाल सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी के साथ पुजारी महासंघ के समस्त कार्यकारिणी एवं सहयोगी उपस्थित रहेंगे।

# अहिरवार रविदास समाज संघ ने जयंती के अवसर पर निकाली वाहन रैली

### आज रविदास मंदिरों में चादर चढ़ाई जाएगी एवं प्रसाद का होगा वितरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



संत शिरोमणि अहिरवार रविदास समाज संघ द्वारा संत रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती आज एक फरवरी को श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई जाएगी। जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व समाज द्वारा भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे संभाग से समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। वाहन रैली प्रारंभ होने से पूर्व फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं संत रविदास जी महाराज के चित्र पर संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। संघ के सचिव विनोद चौहान नीलगंगा एवं संभाग कोषाध्यक्ष कमलसिंह हनोतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली फ्रीगंज से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भेरुनाला स्थित गुरुद्वारा वृंदावनपुरा पर संपन्न हुई। रैली के दौरान समाज के युवा संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के भजनों पर झूमते-गाते नजर आए। रैली में शामिल लोगों ने आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए एकजुट होकर सहभागिता की। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह वाहन रैली का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया ने कहा कि इस वर्ष संत रविदास महाराज की जयंती ऐतिहासिक रूप से मनाई जा रही है, क्योंकि पूरा समाज एकजुट होकर सड़कों पर उतरा है। उन्होंने कहा कि रविदास समाज पर लगातार हो रहे अत्याचारों को लेकर चिंतित है और मध्यप्रदेश सरकार से समाज की सुरक्षा हेतु सख्त कानून बनाए जाने की मांग करता है। आज रविवार 1 फरवरी को जयंती के अवसर पर संगठन द्वारा सभी रविदास मंदिरों में चादर चढ़ाई जाएगी एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि में गुरु गाड़ी पर 8000 दीप प्रज्वलित कर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्य मंत्री सोनू चंद्रवंशी युवा नेता, अंबाराम चौहान, भीम आर्मी से धुले सिंह आजाद, राजेश सोनकर, किशोरीलाल सूर्यवंशी, भगवान खांडेकर, अंबाराम चौहान, रतनलाल परमार, प्रकाश चौहान (हेड एडवोकेट), हरिराम राजोरिया, मांगीलाल चौहान, नंदराम सूर्यवंशी (धर्मशाला अध्यक्ष), राजी राकेश बामणिया, भीम आर्मी संभाग अध्यक्ष, विनोद चौहान (संभाग सचिव), भगवान सिंह परमार, नागेश्वर राजोरिया, रतनलाल डाबी (कोषाध्यक्ष), अर्जुन मोहनलाल वाघेला, रमेशजी, लखन हनोतिया, मुकेश सोनगरा, डॉ. जगदीश चौहान, ओमप्रकाश मोन, भगवान खांडेकर, श्याम जटिया, गोपाल लाहौरी, बद्रीलाल उज्जैनी, दीपचंद जाटव, राधेश्याम राठौर, नंदराम बागानिया, मुकेश सूर्यवंशी खलीफा, संदीप सूर्यवंशी, उज्जैन जिला अध्यक्ष विजेंद्र चौहान, देवास जिला अध्यक्ष शोभा लाल अहिरवार, जगदीश चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### राष्ट्रीय सेवा योजना से होता है व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास- डॉ. आभा तिवारी

**उज्जैन।** राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। यह शिविर विद्यार्थियों को उनमें अंतर्निहित प्रतिभा के परिष्कार अवसर देता है।

यह बात शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, उज्जैन के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष इकाई शिविर में शनिवार को गोद ग्राम - चिंतामन जवासिया में डॉ. आभा तिवारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, कायथा ने बौद्धिक सत्र में शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने की। सत्र का संचालन अमेय उदेनिया ने किया और आभार लक्ष्य सोमानी ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय का सम्पूर्ण स्टाफ और बड़ी संख्या में रासेयो उपस्थित रहे। आयोजन के सम्बन्ध में जानकारी रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने दी।

### गुरुदेव की होगी महाआरती व भंडारे का आयोजन

**उज्जैन।** कुशलपुरा रविदासधाम पर गुरु रविदास मंदिर में आज रविदास सेवक संघ रविदास जयंती मनाएगा। गुरुदेव की महाआरती होगी व भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

संस्था अध्यक्ष किशोरीलाल सूर्यवंशी ने बताया कि संस्था विगत 48 वर्षों से कुशलपुरा रविदासधाम पर रविदास जयंती का आयोजन करती चली आ रही है। आज 1 फरवरी को रविदास जयंती के पावन अवसर पर रविदासधाम कुशलपुरा में शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम गुरुवाणी, गुरु रविदासजी व रामजी की महाआरती की जाएगी तत्पश्चात गुरुप्रसादी का भंडारा होगा। कार्यक्रम का सफल बनाने की अपील चुन्नीलाल सूर्यवंशी, संतोष सुनहरे, दिनेश सूर्यवंशी, सुनील सूर्यवंशी, टीकाराम सूर्यवंशी, डालचंद सूर्यवंशी, जगदीश अहिरवार, पन्नालाला सूर्यवंशी, दिलीप सूर्यवंशी, मनोज सूर्यवंशी, रवि सूर्या, संजु सूर्यवंशी, रामचन्द्र ख्याली, राजु रामदास, मोतीलाल सूर्यवंशी, अमित सूर्यवंशी, रामचंद्र सूर्यवंशी, डेनी सूर्यवंशी, गणेश सूर्यवंशी, सतीश सुनहरे, प्रकाश अहिरवार आदि ने की है। समस्त गुरुप्रेमी रविदास समाज व सर्व रविदास समाज से संस्था निवेदन करती है कि आज के कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर पुण्य लाभ लेकर जयंती समारोह को सफल बनावे।

### माघ पूर्णिमा पर आज होगा जीण माता मंगल उत्सव

**उज्जैन।** 1 फरवरी, रविवार माघ पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर आज श्री जीण माता भक्त गणों द्वारा भव्य मंगल पाठ उत्सव का आयोजन खंडेलवाल वैश्य पंचायत भवन बुधवारिया में किया जाएगा। जिसमें खंडेलवाल, अग्रवाल, माहेश्वरी, जैन, सोनी इत्यादि कई समाज के भक्त गण सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर शाम 4 बजे से माता का श्रृंगार, स्थापना, आव्हान एवं विधिवत पूजन होगा । जिसके बाद मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा, कीर्तन होगा, रात 8:30 बजे महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा । समस्त जीण माता भक्तों से अनुरोध है कि माता के मंगलपाठ एवं दिव्य दर्शन का लाभ लेकर पुण्य अर्जन हेतु पधारे।

# टूरिस्ट तीर्थ यात्रा स्लीपर बसों पर आरटीओ द्वारा पाबंदी का विरोध

### प्रदेशभर के बस ऑपरेटर, ट्रेवल व्यवसायी, धार्मिक यात्रा आयोजक, परिवहन क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग उज्जैन में एकत्रित हुए

### तत्काल इस पाबंदी पर पुनर्विचार करने की मांग

### बाहर प्रदेश में यात्रा कर रही बसों को वापस आने हेतु विशेष अनुमति देने की मांग की

### उठी मांग, 2/2 स्लीपर बसों को आरकेआई श्रेणी के अंतर्गत एआईएस-119 मानक में जोड़ा जाए



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश में संचालित 2/2 टूरिस्ट तीर्थ यात्रा स्लीपर बसों पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा लगाई गई पाबंदी के विरोध में प्रदेशभर के बस ऑपरेटर, ट्रेवल व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधि, धार्मिक यात्रा आयोजक तथा परिवहन क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग उज्जैन में एकत्रित हुए।

उज्जैन के मनोरमा गार्डन में हुई बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि ये बसें विधिवत रूप से पंजीकृत हैं, सभी आवश्यक कर, परमिट एवं नियमों का पालन करती हैं, और वर्षों से तीर्थ यात्राओं, धार्मिक कार्यक्रमों, विवाह समारोहों एवं लंबी दूरी की सुरक्षित यात्रा के लिए उपयोग में लाई जाती रही हैं। अचानक की गई इस कार्रवाई से हजारों लोगों के रोजगार पर सीधा असर पड़ा है और परिवहन व्यवसाय गंभीर संकट में आ गया है।

संघ के सचिव अनिल भावसार ने कहा कि मध्य प्रदेश की कई तीर्थ यात्री बसें वर्तमान में अन्य राज्यों में संचालित हैं, जिनकी यात्राएँ 40 से 50 दिनों की लंबी अवधि की हैं और वे पहले ही यात्रा पर जा चुकी हैं। ऐसी बसों को तत्काल प्रभाव से अनलॉक कर सुरक्षित रूप से वापस आने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि यात्रियों और बस संचालकों को बीच रास्ते में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

एसोसिएशन द्वारा यह भी सवाल उठाया गया कि यदि आरटीओ के अनुसार 2/2 स्लीपर बसें निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं, तो यह परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है कि अब तक इन्हीं बसों को किस आधार पर पंजीकरण, परमिट और फिटनेस स्वीकृति दी जाती रही। वर्षों से चल रही बसों पर अचानक आपत्ति जताना न केवल असंगत है बल्कि इससे प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी संदेह उत्पन्न होता है। प्रतिनिधियों ने कहा कि बिना पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था और स्पष्ट दिशा-निर्देश के इस प्रकार की पाबंदी लगाना न्यायसंगत नहीं है। इससे आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर तीर्थ यात्राओं पर जाने वाले बुजुर्ग यात्रियों को। बैठक में निर्णय लिया कि शासन एवं परिवहन विभाग से तत्काल इस पाबंदी पर पुनर्विचार करने की मांग की जाएगी। बाहर प्रदेश में यात्रा कर रही बसों को वापस आने हेतु विशेष अनुमति देने की मांग की गई। एक प्रतिनिधिमंडल संबंधित अधिकारियों से मिलकर इस विषय पर विस्तृत चर्चा करेगा। बैठक में प्रमुख मांग रखी गई कि 2/2 स्लीपर बसों को आरकेआई श्रेणी के अंतर्गत एआईएस-119 मानक में जोड़ा जाए, ताकि इन बसों का संचालन विधिक रूप से स्पष्ट श्रेणी में किया जा सके।

**आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत शहर के कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक चौड़ीकरण का कार्य**

# कोयला फाटक से कंठाल चौराहे पर धीमी गति से चल रहा चौड़ीकरण का कार्य, क्षेत्र वासियों की मुश्किलें बढ़ी

### नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैला, गंदगी व कीचड़ की वजह से मच्छर पनप रहे लोगों का दुर्गंध से बुरा हाल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत शहर के कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। लेकिन कार्य धीमी गति से चल रहा है। गति धीमी होने से क्षेत्र में धूल, कीचड़, और गंदे पानी की समस्या बढ़ गई है। स्थानीय व्यापार ठप है, घर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है, जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। कोयला फाटक से निजातपुरा, नरेंद्र टाकीज व कंठाल चौराहे तक चल रहा चौड़ीकरण का कार्य काफी धीमा चल रहा है। इस कारण क्षेत्रवासियों की मुश्किलें बढ़ गई है। घर के बाहर जमा कीचड़ व गंदगी की वजह से लोगों का बाहर निकलना भी दुश्वार हो गया है। नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैला हुआ है और कीचड़ व गंदगी से लोगों का बुराहाल है तथा गंदगी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं और ऐसे ही माहौल में क्षेत्रवासी अपना जीवन यापन करने को मजबूर है। बताया जाता है शुरूआत से ही कार्य धीमी गति से चल रहा है। इस कारण क्षेत्रवासियों को काफी परेशान होना पड़ रहा है । बाहर फैली गंदगी व कीचड़ की वजह से लोगों का सड़कों से निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों महापौर मुकेश टटवाल व निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शहर में चल रहे चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण कर ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

### आठवीं नेशनल मास्टर गेम्स एथलीट में उज्जैन के दिनेश मालवीय ने जीते 3 सिल्वर मेडल

**उज्जैन।** संत ज्ञानेश्वर महाराज क्रीड़ा संकुल इंद्रायणी नगर पुणे (महाराष्ट्र) में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित आठवीं नेशनल मास्टर गेम्स एथलीट के अंतर्गत 400 मीटर दौड़ में उज्जैन के दिनेश मालवीय ने सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान), 800 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान) और 5 किलोमीटर दौड़ में सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान) प्राप्त किया।

मध्य प्रदेश एसोसिएशन के सचिव अमानत खान ने बताया कि इस इवेंट में 22 राज्यों के खिलाड़ी ने सहभागिता की थी। पीएसओ दिनेश मालवीय विधायक महेश परमार की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात है। मालवीय की इस उपलब्धि पर स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सामाजिक समरसता मंच करेगा महाआरती, होगा प्रसाद वितरण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती पर सामाजिक समरसता मंच द्वारा आज 1 फरवरी, रविवार (माघ पूर्णिमा) को सायं 4 बजे संत शिरोमणि रविदास घाट, क्षिप्रा नदी, उज्जैन में भव्य आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम में उज्जैन नगर के संत समाज का अभिनंदन एवं स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रिय संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त रहेंगे जो गुरु रविदास जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सनातन धर्म के रक्षण में विषम समय गुरु जी के योगदान पर अपना उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम उपरांत महा आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा।

सामाजिक समरसता मंच द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के पावन अवसर पर समरसता और सामाजिक एकता को समर्पित भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य संत रविदास जी महाराज के मानवतावादी, समानता और भेदभाव-मुक्त समाज के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना है। संत रविदास जी महाराज ने अपने जीवन, कृतित्व एवं अमृतवाणी के माध्यम से समाज को कर्म और मानवता के आधार पर मनुष्य की पहचान करने का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जाति आधारित भेदभाव सामाजिक एकता में सबसे बड़ा अवरोध है। उनकी प्रसिद्ध वाणी– ह्जाति-जाति में जाति हैं', ज्यों केतों के पातह्र आज भी समाज को सद्भाव और समरसता की दिशा में मार्गदर्शन करती है। सामाजिक समरसता मंच के संयोजक धर्मेंद्र सिंह परिहार, सहसंयोजक ओमप्रकाश मोहने और जयश्री गिरी ने सभी नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### संभागीय अध्यक्ष बनने पर गायकवाड मित्र मंडळ ने किया महंत महावीर नाथ महाराज का अभिनंदन

**उज्जैन।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवींद्र पुरी ने ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति महंत महावीर नाथ महाराज को उज्जैन संभाग का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।संस्थापक अध्यक्ष श्री आण्णासाहेब गायकवाड एवं प्रांजली ने जानकारी देते हुए बताया कि नई जिम्मेदारी मिलने पर महाराष्ट्र स्थित आण्णासाहेब गायकवाड मित्र मंडळ द्वारा नव-नियुक्त संभागीय अध्यक्ष महंत महावीर नाथ महाराज का भव्य स्वागत किया गया। मंडळ के सदस्यों ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महंत महावीर नाथ महाराज ने कहा कि अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवींद्र पूरी द्वारा सौंपा गया यह दायित्व उनके लिए गौरवपूर्ण है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे युवाओं को साथ लेकर हिंदू धर्म एवं संस्कृति के गौरव को बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर धर्मेंद्र जोशी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# कैथोलिक चर्च में विश्व शांति दिवस पर अंतरधार्मिक शांति संदेश कार्यक्रम आयोजित



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देवास रोड स्थित कैथोलिक चर्च में विश्व शांति दिवस एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर ह्रमहामहिम संत पापा लियो चौदहवें के 59वें विश्व शांति दिवस संदेशह्र विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ह्रएक अस्त्रहीन और नि:शस्त्रीकरण करती शांति की ओरह्र संदेश को समाज तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर उज्जैन शहर के विभिन्न धर्मों के पूज्य प्रतिनिधिगण सम्माननीय आर्च बिशप सेबेस्टियन वडक्केल, पंडित श्री नारायण उपाध्याय जी, जनाब हाजी मुल्ला कुतुब फातिमी जी, प्रजापति ब्रह्माकुमारी जी, शहर काजी जनाब खलीकुर्रहमान जी, महंत डॉ. रामेश्वर दास जी तथा पंडित राघव दास जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति और प्रेरक विचारों से कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात महात्मा गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया तथा सिख समाज स्वर्गीय श्री सुरेंद्र जी अरोड़ा को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सेंट मेरी सी.सी. स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रार्थना नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। एडवोकेयर फादर जिजो थॉमस प्लैचरिल ने अतिथियो का स्वागत किया। आर्च बिशप सेबेस्टियन वडक्केल ने संत पापा लियो के संदेश का संक्षिप्त रूप हिंदी में पढ़ा और कहा कि अस्त्रों से शान्ति की स्थापना नहीं होती।

## खबर एक नजर...

### राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए जानवी जैन का चयन

मंदसौर। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर की एन.एस.एस. स्वयंसेविका जानवी जैन का चयन सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर 4 से 10 फरवरी तक टी.एम. भागलपुर विश्वविद्यालय, बिहार में आयोजित होगा। जानवी यहाँ सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के दल के साथ मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय शिविर विद्यार्थियों में सांस्कृतिक समन्वय और प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैं। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि इस शिविर में देश भर के युवा अपनी लोक कलाओं और संस्कृति का आदान-प्रदान करेंगे।

### जांगड़ा पोरवाल समाज का आज परिचय सम्मेलन

मन्दसौर। जांगड़ा पोरवाल समाज का 15वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन आज 1 फरवरी, रविवार को स्थानीय लॉ कॉलेज परिसर में किया जा रहा है। श्री जांगड़ा पेरवाल समाज न्यास मंदसौर के अध्यक्ष रमेश चंद्र सेठिया व सचिव जगदीश काला ने बताया कि 14 वर्षों से मन्दसौर में यह अनूठा आयोजन किया जा रहा है, मंच माला से परे होने से इस सम्मेलन के प्रति समाज बंधुओं का लगातार रुझान बढ़ता जा रहा है। इस सम्मेलन में ना कोई मंच होता है और ना माला होती है। इसमें सम्मिलित होने के लिए पंजीयन आवश्यक होता है। परिचय सम्मेलन से पूर्व एक स्मारिका प्रकाशित की जाती है। ताकि स्वजातीय बंधु अपने पुत्र- पुत्री के लिये वर-वधु का चयन कर सके।

### आर्ट ऑफ लिविंग का नाड़ी परीक्षण शिविर 6 को

मन्दसौर। आर्ट ऑफ लिविंग से संबंधित श्री श्री आयुर्वेद ट्रस्ट द्वारा 6 फरवरी, शुक्रवार को प्रातः 9 से दोप. 1 व दोप. 3 से सायं 5 बजे तक डिवाइन शॉप ,प्रियांशी आर्किटेक्ट, इंदौरा नमकीन के पास रोड नं. 3 कालाखेत मंदसौर पर नाड़ी परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग श्री श्री आयुर्वेद ट्रस्ट अधिकृत प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य डॉ. मानस परिहार बैंगलोर नाड़ी के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक विकारों परीक्षण करेंगे। चिनमय कियावत ने बताया कि नाड़ी परीक्षण रोग निदान की एक प्रभावशाली किफायती तथा हानिरहित पद्धति है।

### जीवन का उत्तरार्ध लोक सेवा में समर्पित करने का संकल्प लिया

**उज्जैन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के नैष्ठिक परिजन देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव 30 जनवरी को विद्युत वितरण कंपनी की सेवाओं से स्वैच्छिक रूप से सेवा निवृत्त हो गये। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों, गायत्री परिवार के परिजनों, योग साधकों नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने उनके कार्यकाल एवं आवास पर जाकर सफल सुखद एवं स्वास्थ्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बेंगलुरु के प्रवासी कुशलराज गुलेच्छा परिवार ने फहराई धर्म ध्वजा

## अवंती पार्श्वनाथ तीर्थ में त्रिशिखरीय जिनालय का सप्तम वर्षगांठ ध्वजारोहण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मारवाड़ के प्रवासीयों का दक्षिण भारत में व्यापार सहित धार्मिक कार्य में भी जबरदस्त योगदान है। बैंगलुरु के प्रवासी कुशलराज गुलेच्छा परिवार इसी परंपरा में हमेशा अग्रणी है। अवंती पार्श्वनाथ तीर्थ के त्रिशिखरीय जिनालय के सातवें ध्वजारोहण आयोजन में भी गुलेच्छा परिवार की धार्मिक भावना के प्रदर्शन की सभी ने जबरदस्त सराहना की।



अवंती पार्श्वनाथ तीर्थ जैन श्वेतांबर मारवाड़ी समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में अवंती तीर्थ की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तीर्थ के शिखर पर ध्वजारोहण का वरघोडा निकाला गया। सत्यनारायण मन्दिर से प्रारंभ हुए वरघोड़े में परम पूज्य गुरुदेव श्री ललितप्रभ सागर जी, श्री चन्द्रप्रभ सागर जी म. सा. आदि ठाणा के साथ में उज्जैन जैन समाज संघ के साथ धूमधाम से निकले वरघोड़े में परमात्मा की पालकी, रथ, बैंड, ढोल बाजे के साथ सत्यनारायण मन्दिर से आरंभ होकर तीर्थ परमात्मा के आंगन में शांतिनाथ महिला मंडल, बालिका मंडल, जिनेश्वर युवा परिषद्, शांति सुलोचन बहू मंडल के साथ में पहुंचा जहां ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कुमार कोठारी ने सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात मूलनायक अवंति पार्श्वनाथ की मुख्य ध्वजा बैंगलोर निवासी संघवी कुशलराज उत्तमचन्द ललित कुमार गुलेच्छा परिवार ने कायमी अमर ध्वजा फहराई। चिंतामणी पार्श्वनाथ ध्वजा के लाभार्थी श्रीमती विजया हीरालालजी राठौड बड़गाँव निवासी, आदेश्वर भगवान की ध्वजा के लाभार्थी श्रीमती विमलादेवी माँगीलालजी मालू परिवार सूरत निवासी ने फहराई। इस उपलक्ष्य में गुरुदेव ने अपने प्रवचन में कहा कि आज से सात वर्ष पूर्व का आज वही माघ चतुर्दशी का दिन आया है जब प्रतिष्ठाचार्य खरतर गच्छाधिपति आचार्य भगवन्त श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वर जी महाराजा एवं शताधिक साधु साध्वी जी भगवन्तों की निश्रा में प्रतिष्ठा समय का जो माहौल तीर्थ नगरी में था वह पूरे भारत में अभी भी लोगों की नजरों के सामने प्रतिष्ठित है। इसके लिए समाज जन ट्रस्टी एवं प्रतिष्ठा कार्यक्रम के संयोजक संघवी कुशल राज गुलेच्छा बेंगलुरु निवासी बधाई के पात्र हैं। जीवन यात्रा में प्रतिकूलता का मूल्य जाने बिना अनुकूलता के अनुभव का पता नहीं चलता है। मूलनायक अवंती तीर्थ की ध्वजा आज बदली जा रही है, इसी तरह व्यक्ति को अपने व्यवहार एवं दिनचर्या को भी हृदय से बदलना चाहिए। ध्वजा तो प्रतीकात्मक होती है। गुरुदेव श्री का कहना है कि जब भी ध्वजा बदली जाती है तो उस समय मनुष्य को भी अपने भावों में परिवर्तन करके परमात्मा शक्ति को याद करके श्रद्धा के साथ नमन करना चाहिए तथा अपने जीवन की बुराइयों का त्याग करना चाहिए ताकि ध्वजा बदलने की सार्थकता होती है। संघ के ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर पूरा समाज हजारों की संख्या में जुलूस में उपस्थित रहा। विधि कारक पंकज चौपड़ा, खाचरौद वालों ने विधिविधान करवाया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में अध्यक्ष अशोक कोठारी, उपाध्यक्ष ललित बाफना, महामंत्री अभय छाजेड़, कोषाध्यक्ष दिलीप चौपड़ा, ट्रस्टी रमेश बाठिया, रजत मेहता, जिनेन्द्र चौपड़ा, चन्द्रप्रकाश संकलेचा, भैरुलाल छाजेड़ के साथ उज्जैन के सभी संघों के सदस्य और हजारों की संख्या में जनसमूह में उपस्थित थे।

### सुनील मेहता की सेवानिवृत्ति पर नगर परिषद ने दी भावभीनी बिदाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

नागर ब्राह्मण समाज के आधार स्थंभ श्री सुनील मेहता निवासी अभिनंदन कालोनी मंदसौर द्वारा लगभग 39 वर्ष तक नगर ईकाई में उद्यान सुपरवाईजर के पद पर रहते हुए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सराहनीय सेवा प्रदान कर 30 जनवरी 26 को सेवानिवृत्त हुए। इसी उपलक्ष्य में स्थानीय नगर परिषद पिपलिया मंडी द्वारा सभा कक्ष में श्री मेहता परिषद द्वारा शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया, इसी बीच नगर परिषद में विगत तीन माह तक मु.न.पा.अधिकारी रहे श्री प्रमोद जैन का भी स्वागत सम्मान कर दोनों को ढोल धमाके के साथ भावभीनी बिदाई दी गई।इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भरत सिंह सोनगरा पार्षद सरफराज देव पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र माहवर, पार्षद प्रतिनिधि कमल तिवारी, बलराम सौलंकी, विधायक प्रतिनिधि लोकेश कराड़ा, लेखापाल महावीर जैन, इंजिनियर राजेश उपाध्याय सहित सभी कर्मचारियों ने दोनों सेवानिवृतयों का सम्मान किया।

## सेना केवल नौकरी नहीं, सम्मान के साथ देश सेवा

### उत्कृष्ट विद्यालय में करियर मंथन का हुआ समापन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मन्दसौर में पांच दिवसीय करियर मार्गदर्शन मेले का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के सूबेदार सरताज आलम ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में करियर के विभिन्न विकल्पों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि सम्मान के साथ देश सेवा का एक अवसर है। उन्होंने भर्ती की शारीरिक और मानसिक तैयारियों पर छात्रों का मार्गदर्शन किया।

मुख्य मार्गदर्शक और एनसीसी प्रभारी सेकंड ऑफिसर हरीश कुमार परिहार ने कहा कि आज का दौर पारंपरिक नौकरियों से आगे निकलकर एआई, डेटा साइंस और डिजिटल स्किल्स की ओर बढ़ रहा है। विद्यार्थियों को करियर का चयन करते समय भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अपने कौशल का विकास करना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार दवे की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का सफल आयोजन शिक्षिका श्रीमती ममता मोदी के निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन के अंत में विद्यार्थियों द्वारा दिए गए फीडबैक फॉर्म का संकलन किया गया। इसमें छात्रों ने अपने द्वारा चुने गए भावी करियर विकल्पों की जानकारी साझा की और इस पांच दिवसीय मेले को अपने भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। मंच संचालन काउंसलर प्रभारी सुरभि शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक बाबूलाल जोशी ने किया।

### सहज और बोलचाल की भाषा ही लेखन की असली आत्मा है - ज्ञान चतुर्वेदी

नटनागर शोध संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। देशभर से आए विद्वानों, इतिहासकारों और कलाकारों की उपस्थिति में यह आयोजन एक च्नॉलेज कुंभज के रूप में उभरा। समापन दिवस पर पद्मश्री ज्ञान चतुर्वेर्दी ने कहा कि कविता संवेदना से जन्म लेती है। सहज और बोलचाल की भाषा ही लेखन की असली आत्मा है। पर्यावरणविद् रजा काजमी ने च्आइने-ए-अकबरीज का संदर्भ देते हुए कहा कि इतिहास स्वयं को दोहराता है। उन्होंने नई पीढ़ी को प्रकृति से जुड़ने का आह्वान किया। साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता जेरी पिंटो ने जोर दिया कि अंग्रेजी के साथ-साथ अपनी जड़ों को मजबूत करने के लिए हिंदी पढ़ना भी अनिवार्य है। फिल्मफेयर विजेता प्रशांत पांडे ने च्सुवासरा से फिल्मफेयर तकज के अपने सफर से युवाओं को प्रेरित किया।

### डॉ. मिलेश नागर ने रचा इतिहास

## रतलाम में पहली बार दूरबीन द्वारा दिमाग की सर्जरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम जैसे शहर में अत्याधुनिक दूरबीन विधि से ब्रेन सर्जरी होना चिकित्सा जगत में एक बड़ी उपलब्धि है। इस तकनीक से 69 साल के मरीज रामलाल मेंहरू का जीवन बचाया गया।

रामलाल मेंहरू को बेहोशी की हालत में ऑक्सीजन सपोर्ट पर अस्पताल लाया गया। उनके दिमाग में दबाव के कारण खतरा था। डॉक्टर ने तुरंत स्कैन कराया। पता चला कि दिमाग में खून का थक्का जमा हुआ है (सबड्यूरल हेमरेज)। स्थिति गंभीर थी, इसलिए ऑपरेशन जरूरी था।



आम ब्रेन सर्जरी में सिर में बड़ा चीरा लगाकर खोपड़ी खोली जाती हैं लेकिन डॉक्टर नागर ने दूरबीन विधि का इस्तेमाल किया। इसके फायदे हैं- छोटा चीराःसिर में सिर्फ बहुत छोटा छेद होता है। जल्दी ठीक होनाःमरीज जल्दी स्वस्थ होकर अपने काम पर लौट सकता है। सटीकताःदूरबीन से दिमाग के अंदर साफ दिखाई देता है और खून का थक्का पूरी तरह हटाया जा सकता है।

ऑपरेशन सफल रहा। रामलाल मेंहरू की हालत में अब काफी सुधार हुआ है। ऑपरेशन के बाद अगले ही दिन मरीजपूरी तरह होश में आ गए और दूसरे ही दिन चलने फिरने भी लग गए, चौथे ही दिन उनकी छुट्टी भी हो गई थी।अब रतलाम में ऐसी तकनीक होने से मरीजों को बड़े शहरों जैसे इंदौर या अहमदाबाद नहीं जाना पड़ेगा। हमारा उद्देश्य रतलाम के मरीजों को ही स्थानीय स्तर पर बेहतरीन न्यूरो सुविधाएं देना है। दूरबीन विधि सुरक्षित है, दर्द कम होता है और मरीज जल्दी अस्पताल से छुट्टी पा जाता है।

रतलाम के राघव न्यूरो ट्रॉमा केयर सेंटर में न्यूरो की सुविधा अत्याधुनिक है, जो गंभीर न्यूरोलॉजिकल मरीजों के लिए विशेष देखभाल प्रदान करती है। यहां न्यूरो सर्जन डॉ. मिलेश नागर की अगुवाई में एक प्रशिक्षित टीम है, जो ब्रेन हैमरेज, हेड इंजरी, स्ट्रोक, और अन्य जटिल न्यूरो समस्याओं का इलाज करती है।

### मंदसौर की बालिका टीम ने दूसरी बार जीता खिताब

मन्दसौर। मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवक कल्याण विभाग भोपाल और मध्य प्रदेश एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे केंद्र शासन के खेलो इंडिया गेम्स के तर्ज पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो एम.पी यूथ गेम्स वॉलीबॉल गेम्स में मंदसौर जिले की यूथ की बालिका टीम ने उज्जैन जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बालिका टीम ने पहला मैच उज्जैन जोन ने आरसीसी भोपाल दूसरे मैच में जबलपुर जोन को पराजित करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और चंबल जोन व सेमीफाइनल में शहडोल को पराजित करके,उज्जैन जोन की बालिका टीम ने फाइनल मैच में छिंदवाड़ा जोन को पराजित करके ,बालिका वॉलीबॉल का खिताब दूसरी बार अपने नाम करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

# अपने द्वारा पाली हुई गाय का ही गौदान करे - शुभम दुबे

## पाण्डाल में गोवर्धन पूजा हुई व छप्पन भोग लगाया, कथा में उमड़ा जनसैलाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



बेटी घर का जीवन बदल देती है। लोग गिरवी रखकर भी बेटी की शादी की तैयारी करते है व बेटी की जिद पूरी करते है। आज कल के लोग घर बेठे सब्जी देने आये तो उससे भाव करते है व रेस्टोरेन्ट में उसी सब्जी के 250 रुपए देते है। गौदान, स्वर्ण दान, भूमि दान के साथ ही कन्यादान का महत्व है। भगवान कहते है कि जो दूसरे के हित की बात करता है, वह मुझे सर्वाधिक प्रिय है। यदि भगवान ने दिया है, तो लोगां का हित व भला किजिये। पहले सत्कर्म गौशाला में होते थे, अब गार्डन में होते है।

उपरोक्त विचार नारायण सा परिवार द्वारा वाणी मोहल्ले में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में पण्डित शुभम दुबे हातोद वाले ने कथा के पांचवे दिन व्यासपीठ से कही। पूज्य पण्डित जी शुभम दुबे ने आगे कहा कि द्वापर में जिसके घर गौमाता होती थी, वह सबसे धनवान माना जाता था। गौदान का महत्व समझाते हुए कहा कि अपनी पाली गाय का ही गौदान करना चाहिए। गौदान के साथ गौसेवा करो। गौसेवा तीन प्रकार की होती है गौशाला जाकर गौमाता की सेवा करे, गौरक्षा के लिए गुरूमंत्र की माला का जाप करे, गौसेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना शुरू करे। वासुदेव, कंस व प्रभावति की कथा का भी पण्डित जी ने जिक्र किया।

मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि आज पाण्डाल में गोवर्धन पूजा हुई व भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। पूरे पाण्डाल को बलून से सजाया गया था। पूज्य पण्डित जी ने जैसे ही भजन च्च्आओ आओ सांवरिया, आगे जिमो जी, छप्पन भोग तैयार जी, तारा तापरिया मनुहार जी, जिमें आवे जिमो जी भोग लगाओ,च्च च्चआनन्द उमंग भरिया, जय कन्हैयालाल कीच्च, च्चमच गया सोर सारी नगरी मेंच्च, च्चअब किसके लिए इतना कमाते हो बाबुजी, क्या याद मेरी आयेगी, मिल गये जब से नैनों से नेना, एक पल भी न आये चैनाच्च, गाया पूरा पाण्डाल नृत्य व गरबा रास से झुम उठा। आज रविवार कथा का विश्राम दिवस है। कथा 2 बजे से 6 बजे तक होगी। कथा में आलीराजपुर के अलावा, महु, छोटा उदयपुर, कंवाट, बखतगढ़ नानपुर, जोबट, इन्दौर, वड़ोदरा, बोड़ेली, चन्द्रशेखर आजादनगर, पानसेमल, निवाली, कुक्षी सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालु उपस्थित हुए। आज कथा में भारी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। आज की दुध प्रसादी के यजमान विक्रम भाटिया व खिरन की प्रसादी के यजमान जगदीशचन्द्र कांतिलाल वाणी, सुभाष कांतिलाल वाणी, गब्बु वाणी दलाल, मुकेश वाणी व परिवार थे। आयोजक परिवार की ओर से छप्पन भोग प्रसादी बांटी गयी।



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नगर में चला जागरूकता अभियान

**आलीराजपुर।** पुलिस मुख्यालय क्कञ्जक्रद्ध भोपाल के निर्देशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आलीराजपुर में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गत दिवस जिला मुख्यालय पर जिला परिवहन अधिकारी कृतिका मोहटा के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस आलीराजपुर की संयुक्त सहभागिता से एनसीसी कैडेटों को यातायात मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मानव श्रृंखला बनाई गई तथा वाहन चेकिंग के दौरान यातायात मित्रों को शामिल किया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों को आवश्यक दस्तावेजों, उनकी अनुपस्थिति में चालानी एवं कानूनी कार्यवाही की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण उपरांत आलीराजपुरझ्रदाहोद रोड पर यातायात मित्रों को प्रायोगिक रूप से वाहन चेकिंग के गुर सिखाए गए तथा यातायात को सुगम बनाने के तरीके समझाए गए। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात मित्रों के साथ मिलकर आवागमन को सुव्यवस्थित कराया गया।

# रहवासी क्षेत्र के सामने अवैध व्यापार एवं शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा



समीप ग्राम पिपलिया जोधा में शासकीय स्कूल के सामने रहवासी क्षेत्र के सामने अवैध व्यापार एवं शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा हाडा डेरे को गांव से दूर करने शराब दुकान को बंद करने की मांग को लेकर एवं पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने की मांग को लेकर करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन एवं रैली निकालकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया।

शुक्रवार को पिपलिया जोधा ग्राम में करणी सेना प्रमुख शेरपुर के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों के साथ ग्राम की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के हाथों में तख्तियां लेकर पैदल गांव से मानन खेडा पुलिस चौकी तक पहुंचे जहां पहले धेराव किया गया ।रास्ते भर ग्रामीण विभिन्न नारे लगाते हुए चल रहे थे ।

उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी की रात को पिपलिया जोधा में बांछडा बस्ती में आए युवकों को भगाने पर विवाद की स्थिति बनी और डेरे के लोगों ने ग्रामीणों पर पथराव कर दिया इसमें कई ग्रामीण ग्रामीण घायल हो गए। उक्त घटना को गंभीर अपराध में पंजीकृत कर आरोपियों को चिन्हित किया जावे। ग्राम पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को सक्रिय किया जावे तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कैमरे लगाए जावे ।

शेरपुर ने कहा कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ पुनः आंदोलन किया जावेगा।

### गांधी विचारधारा मौजूदा समय में अधिक प्रासंगिक- नागौरी

**खण्डवा** - गांधी स्मारक निर्माण समिति द्वारा रायचंद नागडा शाला परिसर में गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रार्थना सभा, श्रद्धांजलि का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता, गांधी विचारक सुभाष नागौरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ ।प्रारंभ में अतिथियों द्वारा गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्जवल कर सभा आरंभ हुई। गांधी स्मारक निर्माण समिति अध्यक्ष डॉ. मुनीश मिश्रा ने कहा कि गांधी विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। गांधी विचार नहीं दर्शन है। मुख्य अतिथि गांधी विचारक सुभाष नागौरी ने कहा कि महात्मा गांधी आजादी के महानायक और एक ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने देश को अंग्रेजा से आजाद करवाने के लिए कठोर संघर्ष किए.

## जी राम जी अधिनियम 2025 पर एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

बाग भाजपा मंडल ने शनिवार को ₹विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन₹ (जी राम जी अधिनियम 2025) पर एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं और आमजन को केंद्र सरकार की इस नई रोजगार गारंटी योजना की बारीकियों से अवगत कराना था। सम्मेलन के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी और भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष राकेश मोटसरा ने बताया कि नए अधिनियम के तहत अब रोजगार की अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए बजट बढ़ाकर 88 हजार करोड़ रुपए कर दिया है, जिसे राज्यों को आवंटित भी किया जा चुका है।

वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नई योजना में पारदर्शिता के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया है। अब बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो टैगिंग और लाइव डैशबोर्ड के माध्यम से काम की निगरानी की जाएगी, जिससे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर लगाम लगेगी। खास बात यह है कि अब योजनाएं दिल्ली या भोपाल के दफ्तरों में नहीं, बल्कि ग्रामीण स्तर की आवश्यकताओं के अनुसार गांव में ही तैयार की जाएंगी।भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस योजना के फायदों को लेकर ग्रामीणों के बीच जाएं और उन्हें किसी भी तरह के भ्रम से बचाएं। उन्होंने कहा कि १२५ दिनों का तय रोजगार मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।



## डॉ.मोनिया सिंह यादव को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया

**नेपानगर।** नेपानगर निवासी डॉ.मोनिया मोहिंदर सिंह यादव को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के साथ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उज्जैन राजा विक्रम विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी से दी गई इस उपाधि पर परिवार और नगर वासियो ने बधाई दी है। डॉ.मोनिया मोहिंदर सिंह यादव नेपा लिमिटेड में कार्यरत हैं और उन्होंने कार्य के साथ ही पीएचडी की उपाधि हासिल की है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए नेपा लिमिटेड के उच्च अधिकारियों द्वारा गणतंत्र दिवस पर उन्हें सम्मानित भी किया गया है।

## गांधी विचारधारा मौजूदा समय में अधिक प्रासंगिक- सुभाष नागौरी

**खण्डवा।** गांधी स्मारक निर्माण समिति द्वारा रायचंद नागडा शाला परिसर में गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रार्थना सभा, श्रद्धांजलि का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता, गांधी विचारक सुभाष नागौरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ ।प्रारंभ में अतिथियों द्वारा गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्जवल कर सभा आरंभ हुई। गांधी स्मारक निर्माण समिति अध्यक्ष डॉ. मुनीश मिश्रा ने कहा कि गांधी विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। गांधी विचार नहीं दर्शन है। मुख्य अतिथि गांधी विचारक सुभाष नागौरी ने कहा कि महात्मा गांधी आजादी के महानायक और एक ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने देश को अंग्रेजा से आजाद करवाने के लिए कठोर संघर्ष किए और अपना पूरा जीवन राष्ट्र के हित के लिए समर्पित कर दिया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि रथ भ्रमण कर उन्नत खेती की जानकारी दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत किसानों को आधुनिक खेती सरकारी योजनाओ से जोड़ने के लिए बाग विकासखंड के ग्रामीण क्षैत्रो में कृषि रथ भ्रमण कर उन्नत खेती की जानकारी दी जा रही है । मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषक कल्याण कार्यक्रम 2026 को समृद्ध किसान समृध्द प्रदेश के रुप में मनाने हेतु यह रथ गांव गांव भेजा जा रहा जिससे किसानों को उन्नत खेती करना सिखाया और बताया जा रहा है उसी तारतम्य में गुरुवार को कृषि रथ बाग पंचायत में भ्रमण किया जनपद सभा कक्ष में किसानों को खेती के बारे मे विशेष जानकारी देते कार्यक्रम को प्रारंभ किया । जिसमे कृषि विज्ञान केन्द्र मनावर के वरिष्ठ वैज्ञानिक मृदा विज्ञान के डाक्टर नरेश कुमार गुप्ता ने कृषको को प्राकृतिक खेती के साथ किसान अपने घर पर जैविक दवाई बनाकर रोग एवं किट नियंत्रण की जानकारी दी । गयी साथ ही साथ ही यूरिया खाद को कम उपयोग करने की सलाह दी गई। और उसकी जगह नैनो यूरिया और नैनो डी,एपी,के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी अनुभाग कुक्षी श्री मनोज चौहान सर द्वारा आगामी खरीफ सीजन में यूरिया सुपर डीएपी रासायनिक खादो का वितरण ई-टोकन वितरण प्रणाली के माध्यम से किसानों को प्राप्त होगा साथ ही किसानों को खेती की मिटटी की जांच निशुल्क की जावेगी। व फसल विविधीकरण के साथ मिश्रित खेती को बढ़ावा दिया जाना है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कृषि यंत्र अनुदान के बारे में भी विस्तार पूर्वक किसानों को बताया ताकी किसान इन योजनाओं का लाभ आसानी से ले सके । उक्त कार्यक्रम में सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया कृषि विभाग का समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहै । कार्यक्रम का अंत में अभार वरिष्ठ कृषि विभाग अधिकारी मेहताब चौहान ने माना ।

## बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि से खेतों में तबाही

**खंडवा/पंधाना।** विधानसभा क्षेत्र पंधाना में पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश, तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कई जगह पकी फसलें जमीन पर गिर गईं, तो कहीं खेतों में फसल सड़ने की स्थिति बन गई। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस गंभीर हालात के बीच पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे शुक्रवार को खुद गांव-गांव पहुंचीं और किसानों के खेतों में उतरकर नुकसान का प्रत्यक्ष जायजा लिया।

## वार्षिक उत्सव के दौरान मेहंदी, रंगोली, चित्रकला,खेलकूद जैसी गतिविधियां आयोजित

**खंडवा.** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजकुंड में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसमें श्री एसपी सिंह प्राचार्य श्री नीलकंठेश्वर कॉलेज, श्री विनय जैन कन्या महाविद्यालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए साथ ही श्रीमती संगीता सोनवाने, श्रीमती कविता वर्मा सुश्री सुरभि शर्मा विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।वार्षिक उत्सव दौरान मेहंदी, रंगोली, चित्रकला,खेलकूद जैसी लगभग 10 गतिविधियां आयोजित की गई थी। जिसका पुरस्कार वितरण अतिथियों द्वारा किया गया एवं नवाचार गतिविधि अंतर्गत पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक विभाग के लिए आधुनिक खेल सामग्री जिसके माध्यम से बच्चे खेल-खेल में सीखेंगे के एक्टिविटी रूम का उद्घाटन भी अतिथियों द्वारा किया गया



## फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर 4 राउंड फायरिंग

**मुंबई में इसी जगह कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के घर, अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली**

महाराष्ट्र के मुंबई में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग हुई। घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें उनके घर पहुंचीं। रोहित शेट्टी मुंबई के जुहू इलाके में रहते हैं। उनके घर के पास बॉलीवुड की कई सेलिब्रिटीज के घर हैं।

मुंबई पुलिस ने बताया कि ये घटना शनिवार रात करीब 3 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने चार राउंड फायरिंग की। इसके बाद जुहू में रोहित शेट्टी के घर के आसपास सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने के लिए हर एंगल से जांच कर रही है। हमले के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चला है। मामले में अभी तक किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है।

# टीवी से बड़े पर्दे तक पहुंचेगी नागिन

एकता कपूर का सुपरहिट शो नागिन अब टीवी की दुनिया से आगे बढ़कर सिनेमाघरों तक पहुंच सकता है। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, बालाजी टेलीफिल्म्स इस पॉपुलर फ्रैंचाइजी को फिल्मों के रूप में पेश करने की संभावनाओं पर काम कर रहा है।




**एकता कपूर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी पर फिल्म बनाने की तैयारी, पौराणिक और फैंटेसी अवतार में दिखेगी नई दुनिया**



2015 में मौनी रॉय और अदा खान के साथ शुरू हुआ नागिन देखते ही देखते देश के सबसे चर्चित सुपरनैचुरल शोज में शामिल हो गया। बीते 11 सालों में इस फ्रैंचाइजी के कई सीजन आ चुके हैं और फिलहाल नागिन 7 टीवी पर ऑन-एयर है। अब मेकर्स इसकी पौराणिक और फैंटेसी दुनिया को बड़े पर्दे पर और भव्य रूप में दिखाने की योजना बना रहे हैं।

हालांकि, नागिन फिल्म का कॉन्सेप्ट अभी शुरूआती स्टेज में है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि बड़े पर्दे पर नागिन का किरदार कौन निभाएगा। टीवी की तरह ही इस रोल के लिए भी लंबा ऑडिशन प्रोसेस रखा जा सकता है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट एकता कपूर के बेहद करीब रहा है और वह लुक से लेकर स्टाइलिंग तक हर चीज पर खास ध्यान देती हैं।

एकता कपूर इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। उनकी और टीवीएफ की थिएट्रिकल फिल्म विवान में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा अक्षय कुमार, तब्बू और परेश रावल स्टारर हॉरर-कॉमेडी भूत बंगला भी 15 मई 2026 को रिलीज होने वाली है।



## एक्टर पिता की दूसरी शादी पर भड़की बेटी

**नियासा चटर्जी ने रितिका गिरी के खिलाफ दर्ज कराई धोखाधड़ी की रिपोर्ट**

बंगाली फिल्मों के दिग्गज अभिनेता और भाजपा विधायक हिरन चटर्जी की निजी जिंदगी में उस वक्त एक बड़ा तूफान खड़ा हो गया जब उनकी 19 वर्षीय बेटी नियासा चटर्जी और पहली पत्नी अनिंदिता चटर्जी ने पुलिस थाने पहुंचकर उनके और उनकी दूसरी पत्नी रितिका गिरी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। नियासा ने अपने बयान में इस पूरी शादी को एक बड़ा धोखा करार दिया है और कहा है कि उन्हें अपने पिता की इस दूसरी शादी की जानकारी किसी परिवार के सदस्य से नहीं बल्कि सोशल मीडिया के जरिए मिली जिसने उन्हें पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है। वाराणसी में एक निजी समारोह के दौरान हुई इस शादी की तस्वीरें जैसे ही इंटरनेट पर वायरल हुईं, वैसे ही चटर्जी परिवार का यह आंतरिक कलह सड़क पर आ गया। नियासा ने भावुक होते हुए कहा कि एक बेटी के लिए इससे ज्यादा दुखद क्या होगा कि उसे अपने पिता की शादी की खबर बाहरी दुनिया से पता चले जबकि उसकी मां घर पर आंसू बहा रही हो। इस पूरे मामले में कानूनी पेचदगियां तब और बढ़ गईं जब हिरन चटर्जी की पहली पत्नी अनिंदिता ने इस विवाह को पूरी तरह अवैध और फर्जी करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हिरन ने उनसे कानूनी तौर पर तलाक लिए बिना ही मॉडल रितिका गिरी से शादी रचा ली है। पुलिस को दी गई शिकायत में अनिंदिता ने सालों तक मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना सहने का भी जिक्र किया है और कहा कि उन्होंने केवल अपनी बेटी के भविष्य की खातिर अब तक चुप्पी साध रखी थी। वहीं दूसरी ओर रितिका गिरी के उन दावों को भी सिरे से खारिज कर दिया गया है जिसमें उन्होंने कहा था कि परिवार को इस रिश्ते की जानकारी थी और तलाक का नोटिस भेजा जा चुका था।

### विक्टोरिया बेकहम के परिधानों में दिखी साहित्य से उपजी फैशन कहानी


# वुथरिंग हाइट्स के प्रमोशन में मार्गोट रॉबी का गॉथिक रोमांस



हॉलीवुड अभिनेत्री मार्गोट रॉबी जब भी किसी नई फिल्म के साथ सामने आती हैं, तो सिर्फ उनकी परफॉर्मेंस ही नहीं, बल्कि उनका फैशन भी उतना ही चर्चा में रहता है। बार्बी के बाद अब वुथरिंग हाइट्स के प्रेस टूर पर मार्गोट रॉबी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह मेथड ड्रेसिंग की सबसे मजबूत मिसाल बन चुकी हैं। इस बार उनका अंदाज हल्का-सा गॉथिक, थोड़ा रोमांटिक और पूरी तरह साहित्य से प्रेरित नजर आ रहा है, जिसने फैशन और फिल्म प्रेमियों दोनों का ध्यान खींच लिया है।

वुथरिंग हाइट्स के प्रमोशनल इवेंट्स के दौरान मार्गोट रॉबी ने विक्टोरिया बेकहम के स्प्रिंग/समर 2026 कलेक्शन से दो खास आउटफिट्स पहने, जिनमें पंखों जैसी नाजुक बनावट और डार्क-रोमांटिक मूड साफ झलकता है। इन लुक्स को स्टाइल किया है एंड्रयू मुकामल ने, वही स्टाइलिस्ट जिन्होंने बार्बी के दौर में मेथड ड्रेसिंग को एक ट्रेंड में बदल दिया था। दिलचस्प बात यह है कि इस बार स्टाइलिंग का आधार फिल्म की विजुअल दुनिया नहीं, बल्कि एमिली ब्रॉन्टे के उपन्यास वुथरिंग हाइट्स का एक खास साहित्यिक दृश्य है।

एंड्रयू मुकामल ने 28 जनवरी को इंस्टाग्राम पर बताया कि इन ब्लैक और व्हाइट लुक्स की प्रेरणा उपन्यास के चैप्टर 12 से ली गई है। उस दृश्य में कैथी बुखार



और मानसिक उथल-पुथल की हालत में तकिये को फाड़ देती है और उसके पंखों को निकालकर अलग-अलग तरह से सजाने लगती है। उसी भावनात्मक, बिखरे हुए लेकिन खूबसूरत क्षण को फैशन के जरिए व्यक्त करने की कोशिश इन आउटफिट्स में साफ दिखाई देती है।

पहला लुक एक आइवरी रंग की फेदर मिनीड्रेस का है, जिसे देखकर व्हाइट स्वान जैसी कोमल और स्वप्निल भावना महसूस होती है। यह स्लीवलेस ड्रेस शरीर की बनावट के अनुसार ढली हुई है और इसमें डीप वी-नेकलाइन दी गई है, जो इसे एलिगेंट होने के साथ-साथ सेंसुअल भी बनाती है। इस ड्रेस की सबसे खास बात इसका टेक्सचर है–नाजुक पंखों जैसे एप्लिके और हल्के क्रिंकल्ड फैब्रिक, जो चलते समय हल्की-सी लहर पैदा करते हैं। यह लुक बिना ज्यादा शोर किए अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है।

इस आउटफिट के साथ स्टाइलिंग को बेहद सादा रखा गया। न्यूड एंकल-स्ट्रैप स्टिलेटोज, खुले और हल्के वेव्स वाले बाल, और सॉफ्ट मेकअप–इन सबने मिलकर ड्रेस को ही सेंटर स्टेज पर रखा। यह पूरा लुक एक शांत, रोमांटिक और लगभग अलौकिक एहसास देता है। दूसरा लुक पहले के मुकाबले ज्यादा डार्क और स्ट्रॉन्ग है। इस बार मार्गोट रॉबी ने ब्लैक फेदर-एम्बेलिश्ड स्लीवलेस टॉप पहना, जो कमर पर फिट होकर लगभग कॉर्सेट जैसा सिलुएट बनाता है। इस टॉप के साथ उन्होंने लो-वेस्टेड, वाइड-लेग ब्लैक ट्राउजर्स पहने, जो पूरे लुक को एक सख्त और आधुनिक संरचना देते हैं।

टॉप पर लगे मैट ब्लैक फेदर्स छाती और कंधों पर फैलते हुए एक रहस्यमयी और नाटकीय प्रभाव पैदा करते हैं।

इस लुक की ताकत इसके कॉन्ट्रास्ट में है–एक ओर पंखों की नरमी और दूसरी ओर शार्प टेलरिंग। यही विरोधाभास इसे बेहद प्रभावशाली बनाता है। यहां भी एक्सेसरीज और मेकअप को सीमित रखा गया। हल्के रंग के सनग्लासेस, नेचुरल हेयर और मिनिमल मेकअप ने पूरे ध्यान को आउटफिट की बनावट और सिलुएट पर टिकाए रखा।



मार्गोट रॉबी और एंड्रयू मुकामल की यह जोड़ी एक बार फिर साबित करती है कि फैशन सिर्फ कपड़ों का खेल नहीं, बल्कि कहानी कहने का माध्यम भी हो सकता है। वुथरिंग हाइट्स के प्रेस टूर के साथ-साथ फैशन की यह साहित्यिक व्याख्या दर्शकों को एक अलग ही अनुभव दे रही है। जैसे-जैसे प्रमोशनल टूर आगे बढ़ेगा, फैशन प्रेमियों की निगाहें इस बात पर टिकी रहेंगी कि अगला लुक किस साहित्यिक या भावनात्मक संदर्भ से जन्म लेता है।

फिलहाल इतना तय है कि मार्गोट रॉबी का यह विम्सिकल-गॉथिक रोमांस सिर्फ एक स्टाइल स्टेटमेंट नहीं, बल्कि साहित्य, सिनेमा और फैशन के खूबसूरत संगम की मिसाल बन चुका है।

## तिरुवनंतपुरम में भारत ने टी-20 में अपना तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया

# ईशान किशन की 42 बॉल में सेंचुरी

### सूर्या के फास्टेस्ट 3 हजार रन, इंडिया ने 23 सिक्स लगाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ त्रिवेंद्रम

तिरुवनंतपुरम में भारत ने टी-20 में अपना तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 271 रन बनाए। ओपनर ईशान किशन ने सिर्फ 42 गेंदों में शानदार शतक लगाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव गेंदों के लिहाज से टी-20 में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले बैटर बने। शनिवार को लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन 225 रन ही बना सकी। फिन एलन ने 38 गेंदों में 80 रन की तेज पारी खेली। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने 5 विकेट लिए। इसी के साथ भारत ने न्यूजीलैंड को 46 रन से हराते हुए पांच मैचों की टी-20 सीरीज 4-1 से जीत ली।

**भारत का टी-20 में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर-** न्यूजीलैंड के खिलाफ 271 रन बनाकर भारत ने टी-20 में अपना तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। ओवरऑल फुल मेंबर (टेस्ट खेलने वाली) टीमों में यह पांचवां सबसे बड़ा स्कोर रहा। टी-20 इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर इंग्लैंड के नाम है, जिसने पिछले साल 2 विकेट खोकर 304 रन बनाए थे। वहीं भारत का अब तक का बेस्ट स्कोर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ हैदराबाद में बना 297/6 रन है।



**एक पारी में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बराबर-** भारत ने 23 छक्के लगाए और टी-20 में अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इससे पहले टीम ने 2024 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ जोहान्सबर्ग में भी 23 सिक्स लगाए थे। इतना ही नहीं, भारत अब एक द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम भी बन गई है। 5 मैचों की इस सीरीज में भारत ने कुल 69 छक्के लगाए, जबकि इससे पहले यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम था, जिसने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 64 सिक्स लगाए थे।

**ईशान का पांचवां सबसे तेज भारतीय टी-20 शतक-** ईशान किशन ने 42 गेंदों में शतक लगाकर भारत के लिए पांचवां सबसे तेज टी-20 शतक लगा दिया। यह न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया गया अब तक का सबसे तेज शतक भी है। कुल मिलाकर ईशान ने टी-20 क्रिकेट (लीग + डोमेस्टिक+इंटरनेशनल) में अपना सातवां शतक पूरा किया। भारत के लिए सबसे तेज टी-20 शतक का रिकॉर्ड अब भी रोहित शर्मा के नाम है, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 35 गेंदों में शतक लगाया था।

**ईशान ने एक पारी में लगाए 10 छक्के-** ईशान किशन ने 103 रन की अपनी पारी में 10 छक्के लगा दिए। यह किसी भारतीय बल्लेबाज के एक टी-20 इनिंग में दूसरे सबसे ज्यादा सिक्स लगाने की बराबरी है। इस मामले में टॉप पर अभिषेक शर्मा हैं, जिन्होंने 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ एक पारी में 13 छक्के लगाए थे।

**सूर्या के सबसे तेज 3 हजार टी-20 रन-** सूर्यकुमार यादव ने गेंदों के लिहाज से टी-20 में सबसे तेज 3000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड बना दिया। सूर्या ने सिर्फ 1822 गेंदों में यह आंकड़ा छुआ। इससे पहले यह रिकॉर्ड यूएई के मोहम्मद वसीम (1947 गेंद) और इंग्लैंड के जोस बटलर (2068 गेंद) के नाम था। यह सूर्या की 98वीं टी-20 इनिंग रही।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ सूर्या ने रोहित को छोड़ा पीछे-** सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। उनके नाम अब 526 रन हो गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 511 रन बनाए थे।

**संजू सैमसन ने खुद का रिकॉर्ड तोड़ा-** संजू सैमसन पूरी टी-20 सीरीज में सिर्फ 46 रन ही बना सके। यह बतौर विकेटकीपर एक द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में उनका सबसे कम स्कोर है। इससे पहले उन्होंने 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ 51 रन बनाए थे। इस तरह संजू ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**बुमराह के टी-20 करियर का सबसे महंगा ओवर-** जसप्रीत बुमराह ने टी-20 में अपने करियर का सबसे महंगा ओवर डाल दिया। बुमराह ने अपने तीसरे ओवर में 22 रन खर्च किए। इससे पहले उनका सबसे महंगा ओवर 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ कानपुर में आया था, जब उन्होंने एक ओवर में 21 रन दिए थे।

**सूर्या ने छठा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीता-** सूर्यकुमार यादव ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। उन्होंने छठा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतते हुए टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द सीरीज के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली है। इस खास लिस्ट में अब सूर्या, कोहली और श्रीलंका के वनिंदू हसरंगा तीनों के नाम 6-6 अवॉर्ड दर्ज हैं।

**अर्शदीप टी-20 में सबसे महंगे 5-विकेट लेने वाले बॉलर-** टी-20 में एक पारी में सबसे ज्यादा रन देकर 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड अब अर्शदीप सिंह के नाम हो गया है। उन्होंने 51 रन देकर 5 विकेट लिए। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2023 में जोहान्सबर्ग में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5/40 लेने वाले वेस्टइंडीज के अलजारी जोसफ के नाम था।

## सैम करन टी-20I में हैट्रिक लेने वाले दूसरे इंग्लिश क्रिकेटर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

इंग्लैंड ने श्रीलंका को पहले टी-20 मुकाबले में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 11 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लिश टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बारिश के कारण मुकाबला तय समय पर शुरू नहीं हो सका, जिसके चलते ओवरों में कटौती कर इसे 17-17 ओवर का मैच कर दिया गया।

पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लिश गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 133 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 125 रन बना लिए थे, तभी बारिश ने फिर से खलल डाल दिया और आगे का खेल संभव नहीं हो सका। डकवर्थ-लुईस नियम के अनुसार इंग्लैंड उस समय टारगेट से आगे था, जिसके चलते मुकाबला इंग्लैंड के नाम रहा। गेंदबाजी में सैम करन और आदिल रशीद ने अहम भूमिका निभाई, जिसमें करन ने हैट्रिक ली। सैम करन की हैट्रिक इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जिसके बाद श्रीलंका की टीम 16.2 ओवरों में 133 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस ने 37 जबकि पाथुम निसांका ने 23 रन बनाए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें आदिल रशीद और सैम करन ने तीन-तीन विकेट चटकाए। सैम करन ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर दासुन शनाका, महीश तीक्षणा और माथीश पथिराना को आउट करते हुए हैट्रिक पूरी की।

## साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 2 विकेट से हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज अपने नाम कर ली है। सुपरस्पोर्ट पार्क में खेले गए इस मैच में क्विंटन डिकॉक के तूफानी शतक की बदौलत साउथ अफ्रीका ने 222 रन का टारगेट आसानी से हासिल कर लिया।

डिकॉक ने करीब तीन साल बाद घरेलू मैदान पर अपना पहला टी-20 इंटरनेशनल खेलते हुए सिर्फ 43 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। साउथ अफ्रीका ने यह मैच 15 गेंद शेष रहते जीत लिया। डिकॉक ने 115 रन की पारी में 10 छक्के जड़े क्विंटन डिकॉक ने मैच की शुरुआत से ही कैरिबियाई गेंदबाजों पर दबाव बना दिया था। उन्होंने अपनी 115 रनों की पारी में 49 गेंदें खेलीं, जिसमें 10 छक्के और 6 चौके शामिल रहे। डिकॉक ने महज 21 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की और अगले 22 गेंदों में उसे शतक में बदल दिया। पूरी पारी के दौरान उन्होंने सिर्फ 8 डॉट बॉल खेलीं। यह उनके टी-20 करियर का दूसरा शतक है। इसी के साथ उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 12,000 रन भी पूरे कर लिए और फाफ डु प्लेसिस को पीछे छोड़कर साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा टी-20 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

## कबड्डी चैंपियंस लीग में युवा सितारों का जलवा

# सोनीपत स्टार्स की बड़ी जीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सोनीपत

कबड्डी चैंपियंस लीग में मुकाबले जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे हैं, रोमांच और प्रतिस्पर्धा भी नए शिखर पर पहुंचती जा रही है। लीग के एक और हाई-वोल्टेज डबल-हेडर में जहां सोनीपत स्टार्स ने दमदार खेल दिखाते हुए भिवानी बुल्स जैसी मजबूत टीम को चौंकाया।

वहीं करनाल किंग्स ने फरीदाबाद फाइटर्स के खिलाफ जीत दर्ज कर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। इन दोनों मुकाबलों में अनुभव और युवा जोश का शानदार संगम देखने को मिला, जिसने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। खास बात यह रही कि निर्णायक क्षणों में युवा रेडर्स और डिफेंडर्स ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर यह साबित किया कि लीग भविष्य के सितारों के लिए मजबूत मंच बन चुकी है।

दिन के पहले मुकाबले यानी मैच नंबर-9 में सोनीपत स्टार्स ने भिवानी बुल्स को कड़े संघर्ष में 31-28 से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। मुकाबले की शुरुआत भिवानी बुल्स के पक्ष में रही, जहां देवांक दलाल की सटीक रेड्स के दम पर टीम ने रणनीतिक टाइमआउट तक बढ़त बना ली थी।

हालांकि, सोनीपत ने संयमित डिफेंस और समय पर मिले रेड अंकों के जरिए खुद को मुकाबले में बनाए रखा। पहला हाफ बेहद रोमांचक रहा और दोनों टीमें लगभग बराबरी पर दिखीं, लेकिन मामूली बढ़त के साथ भिवानी ने हाफटाइम में प्रवेश किया।

दूसरे हाफ में सोनीपत स्टार्स ने खेल का रुख पूरी तरह बदल दिया। अयान लोछाब ने रेडिंग की जिम्मेदारी संभालते हुए न सिर्फ अपना सुपर 10 पूरा किया, बल्कि एक अहम ऑल-आउट दिलाकर टीम को बढ़त भी दिलाई। भिवानी की ओर से देवांक दलाल ने भी सुपर 10 के साथ जोरदार जवाब दिया।

वहीं परवेश मलिक ने डिफेंस में हाई 5 हासिल कर टीम को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन अंतिम मिनटों में अयान लोछाब की दो अंकों वाली डू-ऑर-डाई रेड निर्णायक साबित हुई और सोनीपत स्टार्स ने 31-28 से जीत पर मुहर लगा दी।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वेलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतन:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस
लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## पिछले साल केंद्र का

# राजकोषीय घाटा 8.55 लाख करोड़ रुपये रहा




## सरकार ने जारी किए आंकड़े

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिसंबर 2025 तक केंद्र का राजकोषीय घाटा 8.55 लाख करोड़ रुपये रहा, जो बजट लक्ष्य का 54.5% है और पिछले साल से कम है। आइए विस्तार से जानते हैं।

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर 2025 के अंत तक 8.55 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट लक्ष्य का 54.5 प्रतिशत है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के 56.7 प्रतिशत से कम है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। सरकार ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का अनुमान सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रखा है।

### दिसंबर 2025 तक सरकार को कितनी प्राप्तियां हुईं?

नियंत्रक व महालेखा परीक्षक के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 तक केंद्र सरकार को कुल 25.25 लाख करोड़ रुपये की प्राप्तियां हुईं, जो बजट अनुमान का 72.2 प्रतिशत है।

### केंद्र सरकार का कुल व्यय कितना रहा?

इसी अवधि में केंद्र सरकार का कुल व्यय 33.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जो बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इसमें से 25.93 लाख करोड़ रुपये राजस्व मद में और 7.87 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के रूप में खर्च किए गए।

## चांदी की कीमतें कैसे बढ़ीं? 12 महीने में ऐसे तय किया 86 हजार से चार लाख का सफर

# 21 साल पहले 10 हजार किलो थी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर चांदी की कीमतों में आए उछाल का असर भारत पर भी पड़ा है। बीते कुछ ही वर्षों में देश में चांदी की कीमतें कुछ हजार रुपये प्रति किलो से बढ़कर लाखों रुपये में पहुंच गई है। आइये जानते हैं चांदी की कीमत का इतिहास...

दुनियाभर में फैली अनिश्चितता और तनाव के माहौल के बीच सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड बना रही हैं। भारत में पहली बार चांदी की वायदा कीमतें चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम का आंकड़ा छू गई हैं। बाजार विश्लेषकों की मानें तो वैश्विक स्तर पर जिस तरह का माहौल है, उस लिहाज से चांदी की कीमत कम होने की संभावना नहीं दिखती।

वैश्विक स्तर पर चांदी की कीमतों में आए उछाल का असर भारत पर भी पड़ा है। बीते कुछ ही वर्षों में देश में चांदी की कीमतें कुछ हजार रुपये प्रति किलो से बढ़कर लाखों रुपये में पहुंच गई है। आइये जानते हैं चांदी की कीमत का इतिहास...

### भारत में क्या है चांदी की कीमतों का इतिहास?

**1980 का दशक (जब बढ़ा चांदी पर भरोसा):** इस दौरान चांदी को ग्रामीण परिवारों के लिए एक सुरक्षित निवेश माना जाता था, जहां किसान सूखे के समय इसे बेचते और फसल के बाद खरीदते थे। इस दशक में चांदी की कीमतों में औसत वार्षिक वृद्धि 10-12% रही।

**1990 का दशक (मंदी का दौर):** आर्थिक उदारीकरण के कारण निवेशकों का ध्यान सोने और इक्विटी की ओर चला गया, जिससे चांदी की कीमतें लगभग स्थिर रहीं।

**2000 का दशक (कीमतों में तीन गुना उछाल):** वैश्विक वित्तीय संकट (2008) ने चांदी को एक 'सेफ-हेवन' एसेट बना दिया। 2000 से 2010 के बीच कीमतें लगभग तीन गुना बढ़ गईं।

**2011-2020 (अस्थिरता का दौर):** 2011-12 में चांदी ?57,316 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची, लेकिन 2015 तक गिरकर ?40,000 के नीचे आ गई। इसके बाद चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहा।

**2020-2026 (ऊर्जा धातु का युग):** स्वच्छ ऊर्जा क्रांति (सौर पैनल, ईवी और 5जी) के कारण मांग में जबरदस्त बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सिर्फ 3 साल (2023-2026) में कीमतें करीब छह गुना बढ़ गईं।



### 2025-26 के बीच क्यों तेजी से बढ़े हैं चांदी के दाम?

चांदी की कीमतों में इस भारी बदलाव के पीछे क्या वजह

1. **औद्योगिक मांग:** वैश्विक चांदी की 50% से अधिक मांग अब गहनों के बजाय उद्योगों (जैसे सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल) से आती है।
2. **रुपये की कमजोरी:** चूंकि भारत चांदी का बड़ा आयातक है, इसलिए डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से घरेलू बाजार में चांदी महंगी हो जाती है।
3. **वैश्विक आपूर्ति में कमी:** चांदी की खदानों से उत्पादन सीमित है, जबकि भविष्य की तकनीक (जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, एआई) में इसकी खपत अनिवार्य है। चीन ने इस जरूरत को देखते हुए कोरोनाकाल से पहले ही चांदी का आयात बढ़ाया था, जो कि रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने लगा।
   नवंबर 2025 में अमेरिका ने चांदी को अपनी महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) सूची में शामिल किया। बताया जाता है कि चीन के एआई और सेमीकंडक्टर्स के क्षेत्र में लगातार बढ़त हासिल करने के बाद अमेरिका ने भी इसके आयात को बढ़ाया। इसके तुरंत बाद, चीन द्वारा निर्यात प्रतिबंधों की खबरों और लंदन जैसे वैश्विक बाजारों में भौतिक चांदी की कमी ने कीमतों को और हवा दी।
4. वैश्विक अनिश्चितता: दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तनाव और देशों के बीच विवाद की स्थिति में सोना और चांदी की आपूर्ति मुश्किल होती है। 2020 में कोरोनावायरस महामारी, 2022 से रूस-यूक्रेन युद्ध और फिर 2023 के बाद से इस्राइल-हमास संघर्ष ने रिजर्व के तौर पर सोना-चांदी का महत्व बढ़ा दिया।
   दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से दुनिया में चांदी को लेकर होड़ मची है। उनकी अप्रत्याशित विदेश नीति और टैरिफ नियमों के बाद से ही दुनिया ने चांदी जुटाना तेज किया है। वेनेजुएला पर अमेरिका के हमले, ग्रीनलैंड को खरीदने को लेकर अमेरिका की धमकी और अब ईरान के खिलाफ जंग छेड़ने की धमकी के कारण दुनियाभर में उथल-पुथल का माहौल है। ऐसे समय में निवेशक चांदी को मुद्रा के मुकाबले ज्यादा अहम रिजर्व मानते हैं, जिसकी कीमत हर वक्त बढ़ती है।

### साल 2000 के बाद साल-दर-साल कैसे बढ़ी चांदी की कीमत?

चांदी की कीमतों में असली उछाल का दौर जनवरी 2025 में शुरू हुआ। दरअसल, यह वो दौर था, जब दुनियाभर में अनिश्चितताएं अपने चरम पर थीं। खासकर यह अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के ठीक बाद का समय था और डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति की शपथ लेने के लिए तैयार थे। उनकी कई नीतियों के एलान के बाद से ही बाजार अस्थिरता के दौर से गुजर रहा था। इस दौरान चांदी 86 हजार के करीब थी। हालांकि, अगले एक साल में जो हुआ, उसके बारे में शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा।

## यूनियन बजट 2026-27

# पहली बार रविवार के दिन पेश होगा बजट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की है कि आम बजट रविवार, 1 फरवरी के दिन पेश किया जाएगा। निर्मला सीतारमण अपने 9वें बजट के साथ मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड के करीब पहुंच जाएंगी। आइए इस बार के बजट का पूरा कार्यक्रम जानें।

वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय आम बजट इस बार रविवार को पेश किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से की गई औपचारिक घोषणा में बताया गया है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार, 1 फरवरी 2026 के दिन संसद में बजट पेश करेंगी। यह पहली बार होगा जब देश का आम बजट रविवार के दिन सदन पटल पर रखा जाएगा। आइए जानते हैं बजट 2026-27 का पूरा कार्यक्रम। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए बजट 2026-27 व्यक्तिगत तौर भी पर खास होगा। यह उनका लगातार नौवां बजट होगा। इस बार का बजट पेश करते ही वित्त मंत्री सीतारमण पूर्व वित्त मंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित सर्वाधिक बजट पेश करने के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच जाएंगी। मोरारजी देसाई ने अपने कार्यकाल में कुल 10 बजट पेश किए थे। निर्मला सीतारमण अब उस ऐतिहासिक आंकड़े से महज एक कदम दूर हैं।

**राष्ट्रपति का अभिभाषण:** सत्र का आगाज 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से हुआ। उन्होंने लोकसभा कक्ष में दोनों सदनों के सदस्यों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया।

आर्थिक सर्वेक्षण: राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद, वित्त मंत्री द्वारा संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया।

संसदीय प्रक्रियाओं और बजट प्रस्तावों की बारीकी से जांच सुनिश्चित करने के लिए सत्र को दो चरणों में विभाजित किया गया है-

**पहला चरण:** 28 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक

**अवकाश:** 13 फरवरी के बाद सत्र स्थगित रहेगा और 9 मार्च को दोबारा शुरू होगा। इस अंतराल का उपयोग संसदीय समितियों द्वारा बजट प्रस्तावों की जांच के लिए किया जाएगा।

**दूसरा चरण:** 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलने की उम्मीद है। सरकार ने 1 फरवरी को आधिकारिक तौर पर 'बजट दिवस' के रूप में नामित किया है। रविवार को बजट पेश करने का निर्णय और निर्मला सीतारमण का नौवा बजट, आगामी सत्र को राजनीतिक और आर्थिक दोनों ही लिहाज से महत्वपूर्ण बनाता है।

## आर्थिक सर्वेक्षण ने वैश्विक चुनौतियों के बीच

# भारत की मजबूत रफ्तार और सुधारों की तस्वीर पेश की

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं, व्यापार जोखिमों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था जिस मजबूती से आगे बढ़ रही है, उसका स्पष्ट प्रतिबिंब आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में दिखाई देता है। संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए इस सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह दस्तावेज भारत की ह्वरिफॉर्म एक्सप्रेसह्व की वास्तविक तस्वीर पेश करता है और यह बताता है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।



प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण आज के दौर में भारत की मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक नींव, स्थिर विकास गति और राष्ट्र निर्माण में नवाचार, उद्यमिता तथा बुनियादी ढांचे की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वेक्षण समावेशी विकास के महत्व को रेखांकित करता है, जिसमें किसानों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, युवाओं के रोजगार तथा सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री के अनुसार, आर्थिक सर्वेक्षण केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह आने वाले वर्षों के लिए नीति निर्माण का मार्गदर्शन करने वाला दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि इसमें विनिर्माण को सशक्त करने, उत्पादकता बढ़ाने और विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का रोडमैप भी स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि सर्वेक्षण में दिए गए विश्लेषण और निष्कर्ष नीति निमार्ताओं को सूचित निर्णय लेने में मदद करेंगे और भारत की आर्थिक भविष्य को लेकर भरोसा और मजबूत करेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिति पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है और वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश ने उच्च विकास पथ को बनाए रखा है।

### अर्थव्यवस्था ने 7.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि की

उनके अनुसार, सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूद प्रतिकूल परिस्थितियों का सफलतापूर्वक सामना किया है और भारत की संभावित जीडीपी वृद्धि दर को बढ़ाकर 7 प्रतिशत तक ले जाने में सफलता हासिल की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के प्रमुख निष्कर्षों में अनुमान लगाया गया है कि अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रह सकती है। यह अनुमान ऐसे समय में सामने आया है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यापार तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं और वित्तीय अस्थिरता से जूझ रही है। इसके बावजूद, भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बने रहने की संभावना जताई गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 7.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि की है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब भारत ने प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज विकास दर्ज किया है।

## आईटी मंत्री वैष्णव ने किया एलान

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में लॉन्च होंगे स्वदेशी अकमॉडल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में स्वदेशी रूप से विकसित एआई मॉडल लॉन्च करेगी। उन्होंने बताया कि समिट को लेकर दुनियाभर में जबरदस्त उत्साह है और एआई ढांचे में 70 अरब डॉलर का निवेश समिट के अंत तक दोगुना हो सकता है। पढ़ें रिपोर्ट- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार आगामी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करने की उम्मीद कर रही है। इन मॉडल को देश में ही विकसित किया गया है।

मंत्री वैष्णव ने इस बड़े कार्यक्रम के आयोजन को लेकर एक प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट को लेकर दुनियाभर में जबरदस्त उत्साह है और उन्हें उम्मीद है कि एआई ढांचे (संरचना) के लिए 70 अरब डॉलर का निवेश समिट के खत्म होने तक दोगुना हो सकता है। वैष्णव ने कहा, कुछ हफ्ते पहले माननीय प्रधानमंत्री ने उन टीमों से बातचीत की, जो संप्रभु एआई मॉडल विकसित कर रही हैं। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मॉडल बहुत अच्छी स्थिति में हैं और हम उन्हें एआई समिट में लॉन्च करेंगे। मंत्री ने कहा कि यह दुनिया का चौथा और अब तक का सबसे बड़ा एआई समिट होने जा रहा है। उन्होंने कहा, फिलहाल लगभग 70 अरब डॉलर का निवेश क्रियान्वयन के चरण में है। जिस तरह का उत्साह दिख रहा है, उससे हैरानी नहीं होगी अगर एआई इम्पैक्ट समिट खत्म होने तक यह आंकड़ा दोगुना हो जाए। उन्होंने बताया कि 100 से अधिक देशों से प्रतिक्रियाएं मिली हैं, जिनमें 15 सरकारों ने राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी की पुष्टि की है और एआई क्षेत्र के 100 से ज्यादा दिग्गज इस समिट में शामिल होंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का मुख्य उद्देश्य तकनीक खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लोकतंत्रीकरण करना है, ताकि इसके लाभ समाज के बड़े वर्ग तक पहुंच सकें।

## फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर 4 राउंड फायरिंग

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

महाराष्ट्र के मुंबई में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग हुई। घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें उनके घर पहुंचीं। रोहित शेट्टी मुंबई के जुहू इलाके में रहते हैं। उनके घर के पास बॉलीवुड की कई सेलिब्रिटीज के घर हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि ये घटना शनिवार रात करीब 3 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने चार राउंड फायरिंग की। इसके बाद जुहू में रोहित शेट्टी के घर के आसपास सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने के लिए हर एंगल से जांच कर रही है। हमले के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चला है। मामले में अभी तक किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है।

### 16 अक्टूबर 2025: कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा के कैफे पर तीसरी बार हुई फायरिंग

इससे पहले कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे पर तीन बार फायरिंग हो चुकी है। पिछले साल जुलाई, अगस्त और अक्टूबर में उनके कैफे पर फायरिंग हुई थी। घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। गैंग की तरफ से उन्हें कई बार धमकी भी दी जा चुकी है।

### 14 अप्रैल 2025: सलमान को जान से मारने की धमकी मिली, इससे साल भर पहले फायरिंग की गई थी

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी। मुंबई के वर्ली स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट में अज्ञात शख्स ने वॉट्सएप मैसेज कर सलमान की कार को बम से उड़ाने की बात कही थी। 14 अप्रैल 2025 को देर रात भेजे गए इस मैसेज में लिखा था- हम सलमान खान को घर में घुसकर मारेंगे। मुंबई की वर्ली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 351(2)(3) के तहत शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। 14 अप्रैल 2024 को सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग हुई थी।

# यूपी में कोहरे के कारण 11 गाड़ियां टकराईं, बस पलटी

## राजस्थान के अजमेर में ओले गिरे; मप्र के खजुराहो में पारा 6°, उत्तराखंड में नदियां जमीं

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



मौसम विभाग के मुताबिक फरवरी का महीना सामान्य से ज्यादा गर्म रह सकता है। क्टऊ डायरेक्टर ने बताया कि फरवरी में रातें कम ठंडी और दिन ज्यादा गर्म हो सकते हैं। इसका कारण ला-नीना का कमजोर होना बताया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में शनिवार को घना कोहरा रहा, जिससे विजिबिलिटी 10 मीटर तक रह गई। कोहरे के कारण 2 हादसों में 11 गाड़ियां टकराईं और 15 लोग घायल हुए। वहीं, इटावा में डबल डेकर बस पलट गई। राज्य में 60 से ज्यादा ट्रेनें और लखनऊ एयरपोर्ट पर 4 उड़ानें लेट रहीं। राजस्थान में जयपुर समेत कई जिलों में शनिवार शाम को बारिश हुई। वहीं अजमेर में बारिश के साथ ओले भी गिरे। क्टऊ ने आज 13 जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि यलो अलर्ट जारी किया है।



उत्तराखंड में कालापानी और आदि कैलाश में तापमान माइनस 30 डिग्री तक गिर गया है। यहां नदी, नाले और झरने जम गए हैं। पिथौरागढ़ सीमा पर ररइ के जवान माइनस 35 डिग्री में गश्त कर रहे हैं। नदियां और जलस्त्रोत जम जाने से जवान बर्फ पिघलाकर पानी इस्तेमाल कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश में कोहरा, बारिश और सर्दी का दौर जारी है। शनिवार सुबह ग्वालियर, रीवा और दतिया में घना कोहरा और 20 से ज्यादा जिलों में मध्यम कोहरा रहा। रीवा में विजिबिलिटी सबसे कम रही। खजुराहो में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया।

### अगले 2 दिन के मौसम का हाल

2 फरवरी: दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहेंगे। मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात में बारिश की संभावना है। हिमाचल, उत्तराखंड में बर्फबारी हो सकती है। बिहार, झारखंड में कोहरा रह सकता है। असम, मेघालय में भी बारिश की संभावना है।

3 फरवरी: हिमाचल प्रदेश में 3 फरवरी को ऊंचे क्षेत्रों में ही बारिश-बर्फबारी की संभावना है। उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है।

हिमाचल प्रदेश में अगले तीन दिन बारिश और बर्फबारी की चेतावनी है। क्टऊ ने सभी 12 जिलों में आंधी-तूफान का यलो अलर्ट जारी किया है। मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान माइनस 10.2 और कुकुमसैरी में माइनस 6.3 डिग्री दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर में सर्दी धीरे-धीरे कम हो रही है। चिल्लई खुर्द शुरू होने से श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 0.1 डिग्री दर्ज किया गया। ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

दिल्ली में ठंड कम हो रही है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि सामान्य से 1.7 डिग्री कम था। राजधानी में सुबह अदक278 दर्ज किया गया है।

## हलवारा एयरपोर्ट से लुधियाना-दिल्ली की पहली फ्लाइट, कैप्टन ने की शुरूआत



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (1 फरवरी) लुधियाना के हलवारा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। ढट मोदी जालंधर से वर्जुअल माध्यम से ये उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर हलवारा एयरपोर्ट पर अफसर, राज्य सरकार के मंत्री, विधायक व भाजपा नेता शामिल रहेंगे। हलवारा एयरपोर्ट बनाने का बीज मुख्यमंत्री रहते हुए कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बोया। उसके बाद चरणजीत सिंह चन्नी ने इसके निर्माण कार्य की शुरूआत करवाई और अब भगवंत मान ने इसे उड़ान भरने के लिए तैयार करवाया। हलवारा एयरपोर्ट तैयार होने में 7 साल लग गए। जमीन अधिग्रहण से लेकर एयरपोर्ट को शुरू करवाने तक प्रशासन को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रशासन ने अलग-अलग स्तर पर समस्याओं का निराकरण करते हुए यह एयरपोर्ट तैयार करवाया। लुधियाना के ही साहनेवाल एयरपोर्ट से फ्लाइट्स को उड़ान भरने में दिक्कत होती थी, जिसकी वजह लुधियाना में नया एयरपोर्ट बनाने की डिमांड हुई। आदमपुर में एयरपोर्ट निर्माण के बाद लुधियाना के कारोबारियों ने हलवारा में एयरपोर्ट बनाने की मांग की।

### व्यापार संगठन ने 5 किमी लंबी रैली निकाली, सैकड़ों लोगों ने राज्य छोड़ा

# मणिपुर में उग्रवादी रंगदारी मांग रहे, डर से बाजार बंद

मणिपुर में उग्रवादी संगठन हर सेक्टर के कारोबारियों को फोन कर रंगदारी मांग रहे हैं। व्यापारी कहते हैं कि शिकायत नहीं कर सकते, क्योंकि उनके पास हमारा लेखा-जोखा हैं। उनके डर बाजार बंद होने लगे हैं। इसके विरोध में शनिवार को इंफाल में हजारों लोगों ने 5 किमी लंबी रैली निकाली। यह रैली सेव मणिपुर अभियान के तहत कोकोमी नामक संगठन ने आयोजित की थी।

कर्ज में डूबे मारवाड़ी, पंजाबी कारोबारी भी राज्य छोड़ रहे हैं। इस बाजार से जुड़े मारवाड़ी समुदाय के 500 परिवार में से 40-50 परिवार, पंजाबी समुदाय के 100 परिवार में से 20-25 परिवार बिजनेस ठप होने से पलायन कर चुके हैं।



### 60-65% व्यापार ही हो रहा

राज्य के प्रमुख व्यापारिक केंद्र थांगल और पाउना बाजार में 60-65% ही व्यापार हो रहा है। मणिपुर एफएमसीजी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विजय पाटनी कहते है, चुराचांदपुर, कांग्पोक्पी और चंदेल जिलों तथा आसपास के इलाकों में 30-37% कारोबार होता था, जो अब बंद है।

उन्होंने बताया कि थांगल-पाउना बाजार में मारवाड़ी, जैन, पंजाबी, बिहारी, बंगाली सहित कई समुदाय के लोग बिजनेस करते थे। मणिपुर में कोई फैक्ट्री या मैन्युफैक्चरिंग यूनिट नहीं है। यहां केवल ट्रेडिंग होती है। हिंसा के बाद हिल क्षेत्र में रहने वाले गुवाहाटी, मिजोरम से माल ले रहे हैं, जिससे इंफाल वैली का मार्केट चौपट हो गया है।

एफएमसीजी के साथ पर्सनल हाइजीन का सबसे बड़ा बाजार हिल्स इलाके यानी हिंसाग्रस्त जिले थे, जो अब बंद है। हिंसा के बाद माल गुवाहाटी, मिजोरम से आने लगा तो हमारा धंधा पूरी तरह चौपट हो गया। हिंसा की वजह से हमारा बिजनेस 3 साल पीछे चला गया है।

थांगल बाजार के एक कारोबारी ने बताया कि उग्रवादी संगठन हर सेक्टर के कारोबारियों को फोन कर रंगदारी मांग रहे हैं। वे किसी से 10 हजार तो किसी से 1 लाख तक मांगते हैं। अस्पताल भी मुश्किल में जा पाते हैं।

### हिंसा के 1004 दिन

कुकी-मैतेई समुदायों की लड़ाई के चलते मणिपुर को अशांत हुए आज 1004 दिन हो चुके हैं, लेकिन इंफाल वेली से म्यांमार बॉर्डर वाले मोरेह टाउन तक कहीं भी हालात सामान्य नहीं हैं। यहां राष्ट्रपति शासन लगे 13 फरवरी को एक साल हो जाएगा और आज की स्थिति ये है कि राज्य के 16 में से 8 जिलों में ज्यादा अशांति है। इसकी बड़ी वजह कुकी-मैतेई समुदायों से जुड़े हथियारबंद गिरोह हैं, जिन्हें उग्रवादी कहा जा रहा है। इनके खौफ के चलते ही व्यापार बंद हो रहे और युवा राज्य से बाहर जा रहे। जगह-जगह पंपों के बाहर पेट्रोल बोतलों में बिकता दिख जाएगा। उग्रवादी संगठन बेखौफ होकर रंगदारी वसूल रहे हैं। इनके ही फरमानों पर बाजार खुलते और बंद होते हैं। केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती पूरे राज्य में हर एक-दो किमी में मिल जाएगी। फिर भी म्यांमार बॉर्डर तक यही नजारे दिख जाएंगे।


### पेट्रोल ब्लैक में मिल रहा

सीजेएई अकादमी के प्रमुख प्रो. सांजेनबम जुगेश्वर ने बताया कि बोतल ऑयल कॉर्पोरेशन(इडउ) चलता है। पेट्रोल कई बार हमें ब्लैक में ही लेना पड़ता है, क्योंकि उग्रवादी समूहों की धमकी के बाद कब-कौन सा पेट्रोल पंप अचानक बंद हो जाए, कह नहीं सकते। विष्णुपुर और थाउबल के पेट्रोल पम्प मालि?कों को रंगदारी देने के लिए रोज धमकी दी जा रही हैं। जो नहीं देता या पुलिस की मदद लेता, उसके खिलाफ फरमान आते हैं।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ने विक्रेतागण 1-रमेश पिता रूपा जी, 2-झुमा बाई पति रूपा जी, 3-सजन बाई पति सोहन, 4-ज्योति बाई पति जगदीश, 5-माया बाई पति मुकेश कृषकगण-ग्राम बरखेड़ा माडन तह. उन्हेल के संयुक्त, स्वामित्व एवं आधिपत्य में एक कृषि भूमि खाता ग्राम बरखेड़ा माडन तह. उन्हेल जिसका आराजी सर्वे नं. 694/2 रकबा 0.70 है. आराजी को क्रय करने का अनुबंध करते हुए उसी दिनांक को बयाना स्वरूप राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त आराजी के विक्रय करने एवं उपरोक्त कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति व संस्था का किसी भी प्रकार का स्वत्त्व, हित, हक, बंधक, अधिभार गिरवी हो अथवा विक्रय व्यवहार में किसी को कोई आपत्ति हो तो ऐसी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में आपत्ति प्रस्तुत करे। ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। बाद गुजरे अवधि किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचना हो। दिनांक-31-01-2026

**राजकुमार मिमरोट, एडवोकेट**
**146, चम्बल मार्ग, नागदा, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश मोबाईल नं. 9755533289**


PATAKA
This game gives excitement and joy
My Favourite
My Pataka
PATAKA Premium
PATAKA SPECIAL LEAF TEA
PATAKA MUKTA CTC LEAF
PATAKA Premium LEAF TEA
PATAKA
TEA
PATAKA INDUSTRIES PRIVATE LIMITED
Ghazab Ka Swad

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | 6 | | 9 | 1 | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | | 5 | | | 3 | | | 8 |
| | | | 3 | | | | | |
| 5 | | 9 | | 7 | 8 | | | 6 |
| 6 | | | | 2 | | | | 4 |
| | | | 9 | | | | 1 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 7 | | 8 | | 5 | | 6 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |


**बाएं से दाएं**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ्त | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | खे | जुं | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | पा | अ | सौ | वी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जौं | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजें



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉन्डस, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडू, सांडू, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टूथपेस्ट दंतमंजन टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडैंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोनॅको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नविटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी. एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एडिडास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**

■ वर्ष-12 अंक-90 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 01 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

उपैतु मां देवसखः कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रादुर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन् कीर्तिमृद्धिं ददातु मे॥

**भावार्थ** : देवि! देवसखा कुबेर और उनके मित्र मणिभद्र तथा दक्ष प्रजापति की कन्या कीर्ति मुझे प्राप्त हों अर्थात मुझे धन और यश की प्राप्ति हो। मैं इस राष्ट्र में उत्पन्न हुआ हूँ, मुझे कीर्ति और ऋद्धि प्रदान करें।

आदित्यवर्णे तपसोऽधि जातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु या अन्तरा याश्च बाह्या अलक्ष्मीः॥

**भावार्थ** : हे सूर्य के समान प्रकाशस्वरूपे ! तुम्हारे ही तप से वृक्षों में श्रेष्ठ मंगलमय बिल्ववृक्ष उत्पन्न हुआ। उसके फल हमारे बाहरी और भीतरी दारिद्र्य को दूर करें।

## सम्पादकीयम्

### गतदिसम्बरमासे

विरोधेषु बेरोजगारीविषयः अपि उत्थापितः अस्ति। रोजगारस्य अभावात् अङ्किता इत्यादयः महिलाः असुरक्षितस्थितौ कार्यं कर्तुं बाध्यन्ते इति कथ्यते। गतदिसम्बरमासे राज्यसभायां प्रस्तुताः पीएलएफएस-दत्तांशः दर्शयति यत् उत्तराखण्डे बेरोजगारी-दरः ८.९% अस्ति, यत् देशे सर्वाधिकम् अस्ति। स्त्रियाः स्थितिः। उत्तराखण्डे महिलानां विरुद्धं अपराधस्य दरः अधिकः नास्ति, अतः एव अंकितायाः प्रकरणस्य विषये क्रोधः स्वाभाविकः अस्ति। विगतदशवर्षेभ्यः १८-२३ वर्षाणां महिलानां मध्ये उच्चशिक्षणे राज्यस्य प्रदर्शनं राष्ट्रियसरासरीयाः सममूल्यम् अथवा तस्मात् उत्तमम् अस्ति। महिलानां स्वसहायतासमूहाः अर्धं जनसंख्यां सशक्तं कृतवन्तः। यद्यपि विशेषतः ग्राम्यक्षेत्रेषु पुरुषप्रवासः अतीव अधिकः अस्ति तथापि अस्य कारणानि केवलं आर्थिकानि एव न सन्ति। प्रवासस्य समस्या। वनानां कटनेन पर्यटनसंरचनानां निमार्णेन च पर्यावरणसन्तुलनस्य उपेक्षा कृता अस्ति। अनेन उत्तराखण्डः दुर्बलः, चरममौसमघटनानां प्रति अत्यन्तं प्रवणः च अभवत्। अनेन ग्राम्यक्षेत्रेभ्यः व्यापकप्रवासः भवति। नीतिआयोगस्य २०२३ प्रतिवेदनानुसारं राज्यस्य ६४% जनसंख्या प्रवासेन प्रभाविता अस्ति। अत एव १५ तमे वित्तआयोगेन आपदाप्रबन्धने उत्तराखण्डस्य भागः ४.२% यावत् वर्धितः, यत् पूर्वं १.९% आसीत्। इदानीं उत्तराखण्ड उच्चन्यायालयः अपि ७,३७५ वनसीमास्तम्भानां अन्तर्धानस्य प्रकरणस्य श्रवणं कुर्वन् अस्ति।

**वर्षाणां यावत् केन्द्रीयमनोचिकित्सासंस्थायां**

## रांचीनगरे नियोजितानां सुरक्षाकर्मचारिणां निष्कासनस्य निर्णयः अमानवीयः



ब्रह्मास्त्र ›› रांची

केन्द्रीयमनोचिकित्सासंस्थायां, काङ्के, रांचीयां प्रायः २५ वर्षाणि यावत् नियोजितानां १५६ सुरक्षाकर्मचारिणां निष्कासनस्य निर्णयेन न केवलं परिसरे अपितु राज्ये सर्वत्र गभीरा चिन्ता, आक्रोशः च उत्पन्नः। जनतादलस्य वरिष्ठनेता सामाजिककार्यकर्ता च धर्मेन्द्र तिवारी इत्यनेन अस्य निर्णयस्य अमानवीयम्, अन्यायपूर्णं, असंवेदनशीलं च इति उक्त्वा सख्त विरोधः कृतः। सः अवदत् यत् एषः निर्णयः तेषां परिवारानां आजीविकायाः उपरि प्रत्यक्षः आक्रमणः अस्ति येषां आजीविका वर्षाणां यावत् अस्मिन् रोजगारे आश्रिता अस्ति।

धर्मेन्द्र तिवारी इत्यनेन उक्तं यत् सः अद्यैव एतेषां सुरक्षाकर्मचारिणां सह मिलित्वा तेषां दुर्दशां श्रुतवान्, तस्मिन् समूहे प्रायः ३० महिलाः, १६ विधवाः, अनेके परिवाराः च सन्ति येषां कृते एषः एव तेषां आयस्य एकमात्रः स्त्रोतः अस्ति इति प्रकाशितवान् श्रमिकानाम् अनुसारं जनवरी-मासस्य २७ दिनाङ्के अचानकं सूचितं यत् ते केवलं जनवरी-मासस्य ३१ दिनाङ्कपर्यन्तं कार्यरताः भविष्यन्ति, तेषां स्थाने च फरवरी-मासस्य प्रथमदिनात् आरभ्य गृहरक्षककर्मचारिणः नियोजिताः भविष्यन्ति इति। पूर्वसूचना, वैकल्पिकव्यवस्था, पुनर्वासयोजना वा विना एतादृशं निर्णयं ग्रहणं न केवलं प्रशासनिकप्रमादं प्रदर्शयति अपितु मानवीयमूल्यानां उल्लङ्घनं अपि करोति तिवारी इत्यनेन उक्तं यत् एते सुरक्षाकर्मचारिणः केवलं द्वारे स्थित्वा रक्षकत्वेन एव सीमिताः न सन्ति; वर्षाणां यावत् ते पुरुष-महिला-रोगिणां परिचर्या, संस्थान-परिसरस्य निरीक्षणं, अनुशासनस्य निर्वाहः, ओपीडी-सेवासु सहायता, चपरासी-कर्तव्य-आदिकर्तयः, अन्ये च बहवः दायित्वाः इत्यादीनि कार्याणि निष्ठया निर्वहन्ति तदपि तेषां कृते २६ कार्यदिनानां आधारेण प्रतिदिनं केवलं ८९३ रुप्यकाणि प्राप्यन्ते, यस्मात् ६० पेन्शनरूपेण कटौती भवति। एतादृशं न्यूनवेतनं प्राप्य अपि एते श्रमिकाः कदापि स्वसेवायाः क्षयः न कृतवन्तः।

प्रशासनेन केषाञ्चन मुखरसुरक्षाकर्मचारिणां दबावं कर्तुं प्रयत्नः कृतः इति अपि सः आरोपितवान् यत् तेषां विरोधः न भवतु इति। कर्मचारिणः ज्ञातवन्तः यत् संस्थाप्रशासनेन उपविभागीयदण्डाधिकारिणे (एसडीओ) एफआइआर-पत्रं दाखिलम् अस्ति ये १५ व्यक्तिः ये मुखं वदन्ति स्म। तिवारी प्रश्नं कृतवान् यत् एषः कीदृशः न्यायः, यत्र कानूनीदबावः प्रयुक्तः भवति यत् कर्मचारिणः मौनं कुर्वन्ति येन पूर्वनिर्धारितः निर्णयः विरोधं विना कार्यान्वितुं शक्यते। सम्पूर्णं प्रकरणं गम्भीरतरं इति वर्णयन् तिवारी संस्थायाः अन्तः प्रचलितं कथितं भ्रष्टाचारं अपि दर्शितवान्। सः अवदत् यत् वर्षाणां यावत् कार्यं कुर्वन्तः कर्मचारीः अनेकानां अनियमितानां विषये अवगताः सन्ति तथा च तान् दूरीकर्तुं नूतनान् आनेतुं च प्रयत्नानाम् पृष्ठतः एतत् कारणम् इति सम्भवति।

**फलतः सौरतूफानानां**

## खतरा न केवलं वैज्ञानिकचिन्ता

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अस्मिन् समये स्थितिः एतावता तीव्रा आसीत् यत् अन्तर्राष्ट्रीय-अन्तरिक्ष-स्थानके सवारानाम् अन्तरिक्षयात्रिकाणां विकिरण-स्तरस्य उच्चतायाः कारणात् सुरक्षितेषु क्षेत्रेषु आश्रयः भवितुम् अभवत् एषा घटना भारतस्य कृते अपि महत्त्वपूर्णा अस्ति यतोहि देशः उपग्रहाधारितसेवासु, डिजिटलमूलसंरचनासु च अधिकाधिकं अवलम्बते। संचारः, मौसमपूर्वसूचना, मार्गदर्शनं, रक्षा, आपदाप्रबन्धनम् इत्यादयः बहवः महत्त्वपूर्णाः सेवाः अन्तरिक्षे उपग्रहेषु अवलम्बन्ते। फलतः सौरतूफानानां खतरा न केवलं वैज्ञानिकचिन्ता अपितु राष्ट्रियसुरक्षायाः आर्थिकस्थिरतायाः च विषयः अपि भवति।

एतेषां धमकीनां निवारणाय भारतं निरन्तरं स्वस्य सज्जतां सुदृढां कुर्वन् अस्ति। आदित्य-एल१ मिशनम् अस्मिन् विषये प्रमुखा उपलब्धिः इति मन्यते, सूर्यस्य पृथिव्याः च मध्ये स्थितात् एल१ बिन्दुतः सौरक्रियाकलापस्य निरन्तरं निरीक्षणं भवति अस्मिन् मिशनेन वैज्ञानिकाः सौरज्वालानां, कोरोनल-द्रव्यमान-उत्सर्जनस्य च विषये २४ तः ४८ घण्टापूर्वं सूचनां प्राप्तुं शक्नुवन्ति, येन उपग्रहान् समये सुरक्षित-मोड्-मध्ये स्थापयितुं शक्यते, विद्युत्-जालस्य रक्षणार्थं उपायाः च भवन्ति स्थले विद्युत्व्यवस्थानां सुदृढीकरणाय, आपत्कालीनप्रतिक्रियारणनीतयः विकसितुं च प्रयत्नाः प्रचलन्ति। अस्याः घटनायाः अवगमने हन्ले-नगरस्य भारतीय-खगोल-वेधशाला महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। अत्र स्पष्टाः प्रदूषणरहिताः च रात्रयः वैज्ञानिकानां कृते अन्तरिक्षतः सूक्ष्मसंकेतान् ग्रहीतुं साहाय्यं कुर्वन्ति। अत एव हन्ले भारतस्य प्रथमः कृष्णाकाशसंरक्षणः इति घोषितः।

## सा अवदत् यत् तौ कदापि एकत्र दीर्घकालं न व्यतीतवन्तौ

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

यत्र निर्देशकः अपि उपस्थितः भवति स्म। एतेषु सभासु सा स्वस्य क्रीडायाः, संघर्षस्य, यात्रायाः च विषये स्वस्य अनुभवान् साझां करोति स्म। सा अवदत् यत् तौ कदापि एकत्र दीर्घकालं न व्यतीतवन्तौ यत् गभीरताम् अवाप्नुवन्तौ मैत्रीं विकसितवन्तौ। इन्स्टाग्रामे अनुवर्तन-अनफॉलो-विषये प्रश्नानां विषये सायना अवदत् यत् यदा मैत्री नासीत् तदा एतादृशाः अपेक्षाः निरर्थकाः आसन्। सा स्पष्टीकृतवती यत् सा कदापि तस्मिन् अवधानं न दत्तवती, न च तस्याः कृते तस्य महत्त्वम् अस्ति। तस्याः वचनेषु अस्माभिः कदापि निकटमैत्री न विकसिता यत् एतत् अनुवर्तनस्य अथवा अनुवर्तनस्य विषयः भविष्यति इति। सायना नेहवालस्य एतत् वक्तव्यं तस्मिन् समये आगतं यदा सामाजिकमाध्यमेषु प्रसिद्धानां सम्बन्धानां न्यायः प्रायः अनुवर्तनसूचीभिः क्रियते।

## राशिफल

**मेष** : सपोर्ट देकर छोटे कदमों से शुरूआत करें। वर्क फ्रॉम होम वालों का दिन भी अच्छा रहने वाला है।

**वृषभ** : सेहत को लेकर लापरवाही न करें। प्रोफेशनल लाइफ में स्थिरता बनी रहेगी और कलीग्स का सपोर्ट मिलेगा।

**मिथुन** : एक नया शौक या एक्टिविटी कुछ लोगों को अपना समय क्रिएटिव रूप से मैनेज करने में मदद कर सकती है।

**कर्क** : परिवार में बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। ज्यादा ऑयली और फैटी चीजें ना खाएं।

**सिंह** : सेहत भी अच्छी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को तरक्की के संकेत मिल सकते हैं। ऐसे में नए मौके लेने से ना कतराएं।

**कन्या** : पैसों के लेन-देन में सावधानी रखें। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है और ऐसे में पुरानी यादें ताजा होंगी।

**तुला** : अच्छे समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत को लेकर थोड़ी सावधानी जरूरी है।

**वृश्चिक** : ऐसे में सतर्क रहें। ध्यान और मेडिटेशन करें। खाने में प्रोटीन जरूर एड करें। खानपान का ध्यान रखें।

**धनु** : दिन में अपने लिए समय जरूर निकालें। कुछ देर मेडिटेशन जरूर करें। जंक फूड से दूर रहें।

**मकर** : किसी और की सिफारिश पर तुरंत कोई अवसर न अपना लें। सीनियर्स का अब पूरा-पूरा सपोर्ट मिलने वाला है।

**कुंभ** : साथ ही आज धन लाभ के भी योग हैं। आज बस ध्यान रखें कि आपको इन्वेस्टमेंट बहुत ही सोच-समझकर करना है।

**मीन** : भले ही वह सीधे न कह पाए। हर चीज पर नियंत्रण रखने के बजाय भरोसा करना सीखें, इससे मन हल्का होगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# होली पर मंगल करेंगे नक्षत्र परिवर्तन, इन 5 राशियों के जीवन में आएंगे शुभ बदलाव

मंगल, जिसे ग्रहों का सेनापति माना जाता है, अपने नक्षत्र परिवर्तन से जीवन में साहस और पराक्रम को बढ़ाता है। 3 मार्च 2026 को मंगल शतभिषा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। होली के त्योहार के साथ यह गोचर पांच राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ साबित होगा, जीवन में नई संभावनाओं और उन्नति के द्वार खोलते हुए।



वैदिक ज्योतिष में मंगल को ग्रहों का सेनापति कहा गया है। यह ग्रह साहस, शक्ति, निर्णय लेने की क्षमता और पराक्रम का प्रतीक माना जाता है। जब मंगल अपने नक्षत्र बदलते हैं, तो यह व्यक्ति के जीवन में नए उत्साह और सकारात्मक बदलाव लेकर आता है। यह समय न केवल कर्मठता और साहस को बढ़ाता है, बल्कि फैसलों में स्पष्टता और अवसरों की दिशा भी निर्धारित करता है। 3 मार्च 2026 को मंगल देव राहु के नक्षत्र शतभिषा में प्रवेश करेंगे। होली के इस शुभ अवसर के साथ मिलकर मंगल का यह गोचर पांच विशेष राशियों के लिए सफलता, उन्नति और नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला साबित होगा। इस ग्रह परिवर्तन के दौरान इन राशियों के जीवन में भाग्य का प्रभाव बढ़ेगा और उनकी मेहनत रंग लाएगी।

**मेष राशि –** मेष राशि के स्वामी मंगल हैं, इसलिए शतभिषा नक्षत्र में मंगल का प्रवेश आपके आत्मविश्वास और साहस को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। मार्च में करियर से जुड़े फैसले आपके लिए लाभकारी रहेंगे। जो लोग नौकरी बदलने या नया प्रोफेशनल अवसर तलाश रहे हैं, उन्हें यह समय बड़े मौके देगा। साथ ही संपत्ति या जमीन-जायदाद से जुड़े पुराने विवाद हल हो सकते हैं। व्यापारिक दृष्टि से भी यह समय महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोई बड़ी डील फाइनल होने की संभावना है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मिथुन राशि –** मिथुन राशि वालों के लिए मंगल का यह गोचर सफलता के नए द्वार खोलने वाला है। लंबे समय से पड़ी हुई योजनाएं अचानक गति पकड़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी बुद्धिमत्ता, साहस और निर्णय लेने की क्षमता की सराहना होगी। यदि आपके करियर में विदेश यात्रा की संभावना है, तो वह भी संभव हो सकती है। परिवार के साथ संबंध मजबूत होंगे और किसी पुराने निवेश से लाभ मिलने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**सिंह राशि –** सिंह राशि वालों के लिए मंगल का शतभिषा नक्षत्र सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान बढ़ाने वाला रहेगा। यदि आप राजनीति, प्रशासन या किसी सरकारी क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपके ऊपर बड़ी जिम्मेदारी आ सकती है। इस अवधि में शत्रुओं पर आपकी विजय सुनिश्चित है। आपके नेतृत्व कौशल और निर्णय लेने की क्षमता में निखार आएगा, और लम्बे समय से रुके सरकारी या प्रशासनिक काम पूरे होने लगेंगे।

**वृश्चिक राशि –** वृश्चिक राशि के स्वामी भी मंगल हैं, इसलिए उनका नक्षत्र परिवर्तन आपके लिए सीधे लाभकारी साबित होगा। आपकी आमदनी के नए स्त्रोत बनेंगे और यदि आप भूमि, भवन या संपत्ति खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो मार्च का महीना इसके लिए उत्तम रहेगा। होली के समय कहीं से रुका हुआ धन अचानक प्राप्त हो सकता है, जिससे वित्तीय तंगी दूर होगी। व्यापार और करियर दोनों में यह समय सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा।

## खबर एक नजर...

### बाइक सवारों को कार ने मारी टक्कर, 1 की मौत

**उज्जैन।** नागदा-जलोदिया मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार रात बाइक सवारों को सामने से आई कार ने टक्कर मार दी। बाइक पर ग्राम जलोदिया का रहने वाला उमराव पिता बापूसिंह उसका दोस्त प्रहलाद और मांगीलाल सवार थे। तीनों के घायल होने पर उन्हें उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां रात में उमराव की मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि उमराव ईंट भट्टे पर काम करता था और काम खत्म होने पर दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। दोनों दोस्तों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक सियाराम भदौरिया के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मर्ग डायरी जांच के लिये नागदा थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### दूधतलाई से मिले बीमार वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**उज्जैन।** देवासगेट थाना क्षेत्र के दूध तलाई से 29 जनवरी को बीमार हालत में एक वृद्ध मिला था। जिसे पुलिस ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। 2 दिन बाद शनिवार दोपहर को वृद्ध की मौत हो गई। प्रधान आरक्षक अवधेश प्रताप ने बताया कि मृतक 50 साल के लगभग है, जो हुलिये से भिक्षुक प्रतीत हो रहा है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं है। मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। रविवार दोपहर तक परिजनों का पता नही मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया की जायेगी।

### दौंड-इंदौर एक्सप्रेस बदमाशों ने चुराया यात्री का बेग

**उज्जैन।** ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले बदमाशों की मौजूदगी लगातार सामने आ रही है। इस बार दौंड-इंदौर एक्सप्रेस में सूरत के यात्री का बेग चोरी होना सामने आया है। जीआरपी ने बताया कि सूरत से इंदौर की यात्रा कर रहे रिची रिचर्डसन ट्रेन के एची कोच पी-4 में सवार थे। रात में उनकी नींद लग गई। देवास से ट्रेन उज्जैन के लिये रवाना हुई, उस दौरान उनकी आंख खुली तो बेग गायब था। जिसमें लेपटॉप और आईपेड रखा हुआ था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर रिची रिचर्डसन ने बेग चोरी होने की शिकायत थाने आकर दर्ज कराई। चोरी गये सामान की कीमत 1.24 लाख रुपए बताई गई है।

### बिस्तरों की आड़ में सोती मिली 5 साल की बालिका



**उज्जैन।** ग्राम खरसौदकला में शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब गांव में रहने वाला असलम शाह पिता अजीज भाटपचलाना थाने पहुंचा और बताया कि उसकी 5 साल की बेटी रहनुमा मंडी प्रांगण में बच्चों के साथ खेलने गई थी, जो दोपहर 2 बजे से लापता है। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने मासूम के लापता होने पर तत्काल टीम के साथ सर्चिंग शुरू की। एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे भी बालिका के लापता की जानकारी मिलते ही भाटपचलाना के लिये रवाना हो गईं। पुलिस ने मंडी प्रांगण और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें बालिका कहीं दिखाई नहीं दी। गांव में सभी जगह तलाश करने के बाद थाना प्रभारी टीम के साथ असलम शाह के घर पहुंचे। उन्होंने घर में और आसपास तलाश शुरू की। इस दौरान बालिका घर में बिस्तरों की आड़ में सोती हुई मिली। बालिका के घर में सकुशल मिलने पर पुलिस ने परिजनों को सौंपा। थाना प्रभारी के अनुसार परिवार गरीब तबके है, बालिका के मिलने पर उनकी आंखों में आंसू आ गये थे। वहीं आसपास के लोग भी बालिका की तलाश में निकल पड़े थे।

### कॉपर केबल का सौदा कर बदमाश तक पहुंची पुलिस

# चोरी का एक आरोपी रिमांड पर, 3 की तलाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सोलर प्लांट में लगी 12 सौ मीटर कॉपर केबल चोरी के मामले में बदमाशों का पता लगाया और गिरफ्तार करने के लिये सौदेबाजी का जाल बिछाया। पुलिस की चालकी में एक बदमाश फंस गया। जिसकी निशानदेही पर 46 हजार रुपए कीमत की कॉपर केबल बरामद की गई है। बदमाश के तीन साथी फरार है, जिनकी तलाश जारी है।

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि पिछले दिनों ग्राम कडोदिया पहाड़ी बने लगे सोलर प्लांट की 12 सौ मीटर कॉपर केबल चोरी होने का मामला सामने आया था। प्लांट इंचार्ज सतीश द्वारा अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिये एसआई हुकुमसिंह सोलंकी, आरक्षक राजेन्द्रसिंह, सैनिक मांगीलाल, राहुल और बहादूर की टीम बनाई गई।





मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया। इस दौरान सुराग मिला कि ग्राम कडोदिया के चार बदमाश केबल बेचने की फिराक में है। जिनकी धरपकड़ के लिये जाल बिछाया गया और 500 रुपए किलो में बिकने वाली कॉपर केबल का सौदा 700 सौ रुपए में करने की बात फैलाई गई। जिसमें एक बदमाश फंस गया। जिसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो अमीन पिता फकीर मोहम्मद निवासी करोदिया ने अपने तीन साथी देवेन्द्र, बलवंत और समीर के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। हिरासत में आये अमीन से चोरी की गई 12 सौ मीटर केबल 46 हजार रुपए कीमत की बरामद की गई। शनिवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेशकर रिमांड पर लिया गया है। जिससे फरार तीन साथियों की जानकारी जुटाकर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### मजदूरी की आड़ में रखी थी नजर

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ के दौरान गिरफ्त में आये बदमाश ने बताया कि वह पहाड़ी पर मजदूरी के लिये जाते थे, सोलर प्लांट में भी काम किया था, इस दौरान नजर रखी थी। प्लांट में कॉपर की केबल लगी हुई थी। जो काफी मंहगे भाव में बिकती है। नजर रखने के दौरान उन्होने केबल के पाइंट भी देख लिये थे। पूरी जानकारी के बाद चारों ने मिलकर रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम दिया था।

### ढांचा भवन में चोरी, मामला संदिग्ध

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में चोरी का संदिग्ध मामला सामने आया है। किराये से रहने वाले परिवार के मकान से आभूषण और नगदी चोरी होने पर परिवार ने वृद्ध महिला मकान मालिक पर ही आरोप लगाया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि जांच के दौरान मकान में कुंडी लगी होना सामने नहीं आया। परिवार ने बुजुर्ग महिला मकान पर आरोप लगाया तो उन्हें बुलाकर पूछताछ की गई। इस दौरान सामने आया कि दोनों पति-पत्नी में रकम बेचने की बात पर विवाद हो रहा था। फिलहाल चोरी की घटना संदिग्ध नजर आ रही है। जांच के बाद मामले को स्पष्ट किया जायेगा।

## सालभर में ठगी 2 करोड़ की राशि पुलिस ने कराई वापस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सायबर अपराधों में ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होने वाले लोगों की राशि वापस कराने में पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। पिछले वर्ष 2025 में पुलिस ने 2 करोड़ से अधिक की राशि लोगों को वापस कराने में अपनी भूमिका निभाई है।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को जल्द राहत प्रदान करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उज्जैन पुलिस ने वर्ष 2025 के दौरान ऑनलाइन हुई ठगी की शिकायतों में पीड़ितों को 2 करोड़ से अधिक की राशि वापस कराने में अपनी भूमिका निभाई है। पुलिस द्वारा ठगी की शिकायत मिलते ही तकनीकी विश्लेषण के साथ बैंकों से समन्वय स्थापित कर



राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम राशि को होल्ड कराया गया है। जिसे विधिसम्मत प्रक्रिया के माध्यम से शिकायत करने वालों के खातों में वापस करा आर्थिक क्षति से बचाया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार आगे भी इसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आम नागरिको से अपील है कि किसी भी प्रकार की सायबर धोखाधड़ी, ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध डिजिटल लेनदेने की स्थिति में बिना देरी किये राष्ट्रीय सायबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराये। जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## साधू ने उठाया था आभूषण और नगदी से भरा बेग

### कैमरों की मदद से पुलिस ने तलाश कर लौटाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ज्वेलर्स की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी का आभूषण और नगदी रखा बेग गुरूवार शाम गिर गया था। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। बेग साधु की वेशभूषा पहने बाबा के पास दिखाई दिया। जिसे खोजकर बेग बरमाद किया गया है।

खाराकुआं थाना क्षेत्र में रहने वाले परिवार द्वारा ज्वेलर्स दुकान का संचालन किया जाता है। गुरूवार को पोती का जन्मदिन होने पर व्यापारी गार्डन जाने के लिये घर से जुपिटर गाड़ी पर सवार होकर निकले थे। घर से निकलते वक्त उनका बेग गिर गया। जिसमें 45 हजार रुपए नगद और परिवार के 200 ग्राम वजनी सोने के आभूषण रखे थे। बेग गिरने का पता चलते ही परिवार ने मामले की जानकारी



खाराकुआ थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। इस दौरान साधु की वेशभूषा धारण किये बाबा दिखाई दिया। जिसके पास उक्त बेग नजर आ गया। जिसकी तलाश शुरू की गई और शनिवार को बाबा को खोज निकाला गया। जिसके पास से उक्त बेग बरामद किया गया। जिसमें आभूषणों के साथ 45 हजार रुपए मिल गये। सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि उक्त बेग मिलने पर संबंधित व्यक्ति को लौटा दिया गया है। बेग में रखे आभूषण और नगद राशि की कुल कीमत 30 लाख के लगभग होना सामने आई है। बेग में महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे थे, जो सुरक्षित मिले है। बाबा से पूछताछ में सामने आया कि उन्हे रास्ते में बेग पड़ा मिला था। सीएसपी के अनुसार पुलिस टीम की सतर्कता, निरंतर प्रयास और पेशेवर कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप डाबरी पीठा क्षेत्र से गुम हुआ बैग सुरक्षित अवस्था में बरामद किया गया। बेग को तलाशने में खाराकुआ थाना पुलिस टीम की तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा और आमजन के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण होना सामने आया है। पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है।

### सात थानों की पुलिस ने रात को गरोठ हाइवे पर की पेट्रोलिंग

# लूटपाट के स्थान किये चिन्हित, अब बनेंगे चैकिंग पाइंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले की 60 किलोमीटर लम्बी सीमा से गुजर रहे गरोठ हाइवे ब्रिज पर रात के समय होने वाली लूटपाट और ट्रक कटिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने पुलिस ने अब मैदान संभाल लिया है। शुक्रवार-शनिवार रात सात थानों की पुलिस ने पेट्रोलिंग की। वारदात स्थलों को चिन्हित किया गया।

गरोठ हाइवे ब्रिज की शुरूआत होने के बाद से जिले की सीमा में लगातार ट्रक कटिंग और लूटपाट की वारदात होना सामने आ रहा है। अंधेरा होने के बाद बदमाशों द्वारा एक शहर से दूसरे शहर को जाने वाले वाहनों से सामान चोरी कर लिया जाता है। चार पहिया वाहनों में सवार लोगों से लूटपाट की जाती है।



गरोठ हाइवे पर बढ़ती वारदातों को देखते ही शुक्रवार-शनिवार रात एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर, आलोक शर्मा ने चिमनगंज, पंवासा, नागझिरी, भैरवगढ़, पानबिहार चौकी, राघवी और झारड़ा थाना प्रभारियों के साथ पुलिस टीम को पानबिहार चौकी क्षेत्र से गुजर रहे हाइवे ब्रिज पर बुलाया। सभी थाना प्रभारियों ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 55 से 60 किलोमीटर लम्बे ब्रिज पर पेट्रोलिंग की और पता लगाया कि कहां सबसे अधिक वारदात हो रही है। बदमाश किस रास्ते से आते होगें और किस रास्ते से भागते है। सभी स्थानों को चिन्हित किया गया और चैकिंग पाइंट बनाने के निर्देश जारी किये। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने सीमा से गुजर रहे हाइवे ब्रिज पर लगातार रात्रि में गश्त की जायेगी। गश्त टीमें अपनी सीमा के हाइवे से दूसरे थाने की सीमा के हाइवे तक पहुंचेगें। बदमाशों का मूवमेंट दिखाई देने पर तत्काल आसपास के थानों की गश्त टीम को अलर्ट कर घेराबंदी की जायेगी। ताकि वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

**वारदात के बाद परेशान होते है चालक-** गौरतबल हो कि बदमाशों द्वारा अधिकांश वारदाते ट्रक और कंटेनर चालकों के साथ की जाती है। बदमाश बाइकों पर सवार होकर आते है और चलते ट्रकों-कंटेनरों का लॉक तोड़कर सामान चोरी करते है। चलते वाहन ने होने वाली वारदात के बाद चालक को पता चलता है तो उसे एक थाने से दूसरे थाने शिकायत दर्ज कराने के लिये भटकना पड़ता है। पुलिस द्वारा शुरू की गई गश्त और पेट्रोलिंग के बाद जहां वारदातों पर अंकुश लगेगा, वहीं चालकों को चैकिंग पाइंट पर ही शिकायत दर्ज कराने में सुविधा मिल सकेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com